54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 6.6°c अधिकतम 20.4 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 7:08, सूर्यास्त - 5:57 | वर्ष : 54/ अंक : 32 | सोमवार, 02 फरवरी 2026 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**अमृतवाणी**

जब दुश्मन हर राज से वाकिफ हो, तो समझ लेना दोस्त गद्दार है।

रोजगार नहीं हैं,किसान परेशान हैं यह ऐसा बजट है, जो सुधार करने से इनकार करता है : राहुल गांधी



सुधार से इनकार करना.... ही सियासत हो गयी......

# कहीं खुशी कहीं गम, कई चीजों के दाम होंगे कम



**मोदी का बजट 2026**

## ▶ कैंसर की 17 दवाएं सस्ती, ईवी, सोलर पैनल के दाम घटेंगे
## ▶ इलेक्ट्रिक वाहन और इलेक्ट्रानिक वस्तुओं में राहत मिलेगी
## ▶ शराब महंगी हो सकती है, फ्यूचर ट्रेडिंग पर टैक्स बढ़ा

**नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसी)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आज पेश किए गए आम बजट में सीधे तौर पर तो कोई ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन इसके कई प्रावधान आम आदमी को काफी राहत देने वाले हैं। जीवनरक्षक दवाओं के साथ कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स व इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देने के अलावा कई आम जरूरत की चीजों को पिछले दरवाजे से सस्ता करने की व्यवस्था की है। सरकार ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 17 दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी हटा दी है। ये एडवांस कैंसर की इंपोर्ट होने वाली दवाएं हैं। अभी 5% कस्टम ड्यूटी लगती थी। हीमोफिलिया, सिकल सेल और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी जैसी 7 दुर्लभ बीमारियों की दवाइयां भी ड्यूटी फ्री कर दी गई हैं। इससे उन परिवारों को बड़ी आर्थिक मदद मिलेगी जो इलाज के लिए महंगी विदेशी दवाओं पर निर्भर हैं।





### बजट से पहले 50 रुपये महंगा हुआ एलपीजी सिलेंडर



**नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसी)।** केंद्रीय बजट 2026 पेश होने से पहले ही आम जनता और कारोबारी समुदाय के लिए बुरी खबर है। देश की सरकारी तेल मार्केटिंग कंपनियों ने 1 फरवरी, 2026 से एलपीजी सिलेंडरों की नई दरें घोषित कर दी हैं। कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमत में 50 रुपये की भारी बढ़ोतरी की गई है। हालांकि, राहत की बात यह है कि घरेलू उपयोग के लिए 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### माइक्रोवेव ओवन सस्तेः पुर्जों पर ड्यूटी घटी, घरेलू मैन्युफैक्चरिंग बढ़ेगी



**नई दिल्ली।** घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में कुछ अहम बदलाव किए हैं। अब माइक्रोवेव ओवन बनाने में इस्तेमाल होने वाले खास पार्ट्स पर कस्टम ड्यूटी कम कर दी गई है। इससे आने वाले दिनों में माइक्रोवेव की कीमतों में कमी आ सकती है। सरकार का लक्ष्य है कि भारत कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के मामले में दुनिया का हब बने। कस्टम ड्यूटी 20% से घटकर 10% होने के कारण 27,584-21,952 यानी 5,632 रुपये की बचत होगी। ऐसे में विदेश से सामान मंगवाना लोगों के लिए सस्ता होगा। यहां ध्यान दें कि यह कस्टम ड्यूटी सोना और चांदी पर लागू नहीं होगी।

### ईवी बैटरी और सोलर पैनल सस्तेः इसे बनाने का कच्चा माल हुआ टैक्स फ्री



**नई दिल्ली।** एनर्जी ट्रांजैक्शन को देखते हुए सरकार ने लिथियम-आयन बैटरी बनाने वाली मशीनों पर मिलने वाली टैक्स छूट का दायरा बढ़ा दिया है। अब बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम के लिए इस्तेमाल होने वाले सामान पर भी ड्यूटी नहीं लगेगी। वहीं, सोलर ग्लास बनाने में इस्तेमाल होने वाले 'सोडियम एंटीमोनेट' पर भी ड्यूटी हटा दी गई है, जिससे देश में सोलर पैनल बनाना सस्ता होगा।

### जूते, कपड़े सस्ते हो सकते हैं



**नई दिल्ली।** एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए समुद्री उत्पाद, लेदर और टेक्सटाइल सेक्टर के लिए घोषणाएं हुई हैं। सी-फूड एक्सपोर्ट के लिए ड्यूटी फ्री इम्पोर्ट की लिमिट 1% से बढ़ाकर 3% हो गई है। लेदर और सिंथेटिक जूतों के साथ अब 'शू अपर्स' के एक्सपोर्ट पर टैक्स छूट मिलेगी। जब कंपनियों को सामान बनाने के लिए कच्चा माल सस्ता मिलेगा, तो प्रॉडक्शन की लागत घटेगी। अगर कंपनियां इसका फायदा ग्राहकों तक पहुंचाती हैं, तो लेदर के जूते, स्पोर्ट्स शूज और सी-फूड की कीमतें घट सकती है या कम से कम दाम स्थिर रहेंगे।

### इन पर भी सरकार की मेहरबानी



**नई दिल्ली।** अब विदेश यात्रा के 'टूर पैकेज' बुक करना सस्ता हो जाएगा। पहले 10 लाख रुपए तक के खर्च पर 5% और उससे ज्यादा पर 20% टैक्स (टीसीएस) लगता था। इसे अब घटाकर सीधा 2% कर दिया गया है। अब इसमें रकम की कोई लिमिट भी नहीं है। नागरिक उड्डयन को बढ़ावा देने के लिए एयरक्राफ्ट बनाने में इस्तेमाल होने वाले पुर्जों और कंपोनेंट्स पर कस्टम ड्यूटी हटा दी गई है। डिफेंस सेक्टर में भी एयरक्राफ्ट के मेंटेनेंस और रिपेयरिंग के लिए मंगवाए जाने वाले कच्चे माल पर अब टैक्स नहीं देना होगा। इससे देश में हवाई जहाज बनाने और उनकी मरम्मत करने की लागत कम होगी। विदेश से अपने निजी इस्तेमाल के लिए सामान मंगवाने मंगाना सस्ता हो जाएगा।

# लापता युवक की हत्या कर शव नाले में फेंका, कंबल में लिपटी मिली लाश







**मुजफ्फरनगर, 01 फरवरी (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब सरवट फाटक के पास एक नाले से लापता युवक का शव बरामद हुआ। हत्यारोपियों ने हत्या के बाद शव को कम्बल की गठरी में लपेटकर ठिकाने लगाने के उद्देश्य से नाले में फेंक दिया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। मृतक की पहचान जीवन पुत्र बलवीर के रूप में हुई है, जो पुरकाजी थाना क्षेत्र के हरिनगर गांव का निवासी था। जानकारी के अनुसार, जीवन शनिवार दोपहर अपने एक दोस्त के साथ शहर में अपनी ही बिरादरी की एक महिला मित्र से मिलने आया था। जब वह देर रात तक घर वापस नहीं लौटा, तो परिजनों ने पुरकाजी पुलिस को उसके लापता होने की सूचना दी। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि जीवन जिस दोस्त के साथ घर से निकला था, वह अब पुलिस की हिरासत में है। वहीं, वह महिला भी घर से फरार बताई जा रही है, जिससे जीवन मिलने आया था। पुलिस फरार महिला की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए आलाधिकारियों ने मामले के खुलासे के लिए चार टीमों का गठन किया है। सीओ नई मंडी, राजू कुमार साव ने बताया कि "सुबह करीब 10 बजे डायल-

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर पढ़ें

### सरकार के बजट में ये हुआ महंगा

▶ शराब पर टीसीएस को 1% से बढ़ाकर 2% कर दिया गया है। इससे शराब की कीमतें बढ़ सकती है, क्योंकि इससे दुकानदार के मुनाफे पर असर होगा।

▶ फ्यूचर ट्रेडिंग पर लगने वाले सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स को 0.02% से बढ़ाकर 0.05% और ऑप्शंस 0.15% किया गया है।

▶ टीसीएस का मतलब है 'सोर्स पर टैक्स कलेक्शन'। यह एक तरह का एडवांस इनकम टैक्स है। दुकानदार जो 2% टैक्स अभी सरकार को देगा, उसे वह साल के आखिर में अपना इनकम टैक्स रिटर्न भरते समय एडजस्ट कर सकता है।

▶ एटीटी ऐसा टैक्स है जो आपके हर सौदे (खरीदने और बेचने) पर लगता है। टैक्स दरें बढ़ने से अब आपको एक ही ट्रांजैक्शन के लिए पहले के मुकाबले ज्यादा पैसे चुकाने होंगे।

▶ 22 सितंबर 2025 से जीएसटी के चार स्लैब को घटाकर दो कर दिया था। अब केवल 5% और 18% के स्लैब में जीएसटी लगता है। जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया था। इससे घी, पनीर खरीदने से लेकर कार और एसी खरीदना भी सस्ता हो गया है।

### शेयर बाजार में 10 लाख व क्रिप्टो में 1 लाख 80 हजार करोड़ डूबे

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट से शेयर मार्केट को निराशा मिली। बजट खत्म होते ही सेंसेक्स 2370 अंक तक गिर गया था। हालांकि बाद में इसमें कुछ तेजी आई। बाजार में कोहराम के बीच 10 लाख करोड़ स्वाहा, सेंसेक्स 1,546 अंक गिराबजट वाले दिन गिरावट सिर्फ शेयर मार्केट में ही नहीं आई, बल्कि सोना, चांदी और क्रिप्टो बाजार भी लुढ़क गए। ग्लोबल क्रिप्टो मार्केट में 24 घंटे में 18 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हो गया। सीतारमण ने जब सुबह 11 बजे बजट भाषण पढ़ना शुरू किया था तो सेंसेक्स 400 अंक से अधिक तेजी पर था। लेकिन बजट भाषण खत्म होते-होते यह करीब 3,000 अंक तक गिर गया। अंत में 1546.84 अंक यानी 1.88% की गिरावट के साथ 80,722.94 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 इंडेक्स 495.20 अंक यानी 1.96% गिरावट के साथ 24,825.45 अंक पर आ गया। इस गिरावट से बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 9.72 लाख करोड़ रुपये घटकर 450.15 लाख करोड़ रुपये रह गया। कॉइनमार्केटकैप के अनुसार पिछले 24 घंटे में क्रिप्टो का ग्लोबल मार्केट कैप 6 फीसदी से ज्यादा गिर गया। कल दोपहर 12:30 बजे क्रिप्टो का ग्लोबल मार्केट कैप करीब 2.83 ट्रिलियन डॉलर पर था। 24 घंटे में यह 6 फीसदी से ज्यादा गिरकर 2.63 ट्रिलियन डॉलर पर आ गया। ऐसे में इसमें 24 घंटे में 0.20 ट्रिलियन डॉलर (करीब 18 लाख करोड़ रुपये) की गिरावट आई। बिटकॉइन की कीमत में बड़ी गिरावट आई। पिछले 24 घंटे में इसकी कीमत करीब 6 फीसदी गिर गई। यह 80 हजार डॉलर से नीचे आ गई है। संडे करीब 2 बजे एक बिटकॉइन करीब 78,600 डॉलर पर कारोबार कर रहा था। दूसरी बड़ी क्रिप्टो में भी बड़ी गिरावट आई। इथेरियम 8 फीसदी से ज्यादा लुढ़क गई। सोलाना में भी करीब 8 फीसदी की गिरावट आई। पाई नेटवर्क कॉइन भी 24 घंटे में 4 फीसदी से ज्यादा गिर गया।

# आय छिपाने और विदेश में संपत्ति रखने पर नहीं होगी जेल

**नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2026 में कई ऐसे बदलाव किए गए हैं जिनसे लोगों को काफी राहत महसूस होगी। खासकर, विदेश में संपत्ति बेचने वाले एनआरआई (एनआरआई) और विदेश में रहने वाले छोटे-मोटे एसेट्स (संपत्ति) का खुलासा न करने वालों को बड़ी छूट मिली है। साथ ही, टैक्स रिटर्न भरने की समय सीमा भी बढ़ाई गई है। वहीं इनकम छिपाने वालों को भी जेल नहीं होगी। अब सरकार ने इसे सरल बना दिया है। बजट 2026 के प्रस्ताव के अनुसार, अब प्रॉपर्टी खरीदने वाले भारतीय खरीदार ही टीडीएस काटेंगे और उसे अपने पेन वाले चालान के जरिए जमा कर देंगे। इससे एनआरआई को टेन लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी और उनका काम आसान हो जाएगा। बजट में वित्त मंत्री ने टैक्सपेयर्स को बड़ी राहत देते हुए कहा कि अब इनकम छिपाने वालों को जेल नहीं होगी। सरकार ने इनकम टैक्स कानून को अपराध की श्रेणी से बाहर निकालने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। वित्त मंत्री ने बजट पेश करते हुए कहा कि अगर किसी टैक्सपेयर की इनकम में गड़बड़ी पाई जाती है या टैक्स छिपाया गया है तो उसे अब जेल नहीं जाना होगा। सिर्फ जुर्माना देकर मामला खत्म कर दिया जाएगा। यह नया बदलाव 1 अप्रैल 2026 से लागू होने वाले नए इनकम टैक्स एक्ट का हिस्सा होगा। कई बार लोग विदेश में छोटी-मोटी संपत्ति रखते हैं, लेकिन टैक्स रिटर्न में उसका खुलासा करना भूल जाते हैं। सरकार ने ऐसे लोगों को राहत दी है जिनकी विदेश में रखी गई गैर-अचल संपत्ति की कुल कीमत 20 लाख रुपये से कम है। अगर उन्होंने इसका खुलासा नहीं भी किया है, तो भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। यानी, उन्हें सजा से छूट मिल जाएगी। यह नियम 1 अक्टूबर 2024 से लागू होगा, जिससे छोटे-मोटे विदेशी एसेट्स रखने वालों को बड़ी राहत मिलेगी। अगर किसी टैक्सपेयर पर कोई जुमार्ना लगाया जाता है और वह उसके खिलाफ पहली अपीलेट अथॉरिटी में अपील करता है, तो अपील के नतीजे चाहे जो भी हों, उस दौरान लगने वाले ब्याज से उसे छूट मिलेगी। यह एक बड़ी राहत है, क्योंकि कई बार अपील लंबी चलने पर ब्याज का बोझ काफी बढ़ जाता है।**

**शोक-सन्देश**

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी
**श्री राजपाल सिंह त्यागी जी** (पुत्र स्व० श्री शुगनचन्द त्यागी) का
स्वर्गवास दिनांक 23.01.2026, दिन शुक्रवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

**उनकी रस्म तेरहवीं, आज दिनांक 2 फरवरी 2026, दिन- सोमवार को निम्न कार्यक्रमानुसार होनी निश्चित हुई है।**

हवन 09.00 बजे प्रातः
ब्रह्मभोज 11.00 बजे प्रातः
रस्म पगड़ी 02.00 बजे अपराह्न

-: कार्यक्रम स्थल :-
**राजमहल बैंकट हॉल**
रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर

**शोक संतप्त परिवार**

पुष्पेन्द्र त्यागी (बॉबी त्यागी) (पुत्र)
मदन त्यागी, रोशन त्यागी (भाई)
प्रेम किशोर त्यागी, देवेन्द्र त्यागी (भाई)
विपिन त्यागी (भाई)
कुलदीप त्यागी, सुधीर त्यागी (भतीजे)
ब्रिजेश त्यागी (बब्लू), मनोज त्यागी (भतीजे)
अमित त्यागी, जितेन्द्र (जीतू) (भतीजे)

हिमांशु (दीपू), प्रतीक (चीनू) (भतीजे)
संजयकांत (पप्पन), सौरभ (मनु) (भतीजे)
आदित्य, अभय प्रताप, सार्थक, नीपू (पौत्र)
विशाल, अनन्त, वरदान, विराज, युग (पौत्र)
वेदांत, वायु, दीपांशु (तनु) (पौत्र)
हर्षित, प्रत्युश (धेवते)

-: शोकाकुल परिवार:-
"समस्त इन्द्रलोक परिवार" (रेंई वाले)

-: निवास स्थान :-
92, गंगारामपुरा सरवट रोड, मुजफ्फरनगर

M:.9927021411, 9897060302, 9897013302, 7455988638, 9720720333

25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE | MAX Healthcare

**मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली (ग़ाज़ियाबाद) के श्रेष्ठ विशेषज्ञों से परामर्श अब आपके शहर मुज़फ्फरनगर में**



**डॉ. चिराग जैन**
प्रिंसिपल कंसल्टेंट - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी एवं रोबोटिक सर्जरी
मंगलवार, 3 फरवरी, 2026 | दोपहर 3.00 बजे से शाम 4.00 बजे
गंगा राम हॉस्पिटल, जिला परिषद कॉलोनी, सदर बाजार, मुज़फ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
**समस्याएँ:** वजन का कम होना, खून की कमी या अनेमिया, थकान और कमजोरी का अनुभव करना, खून में गंध, खून की गिल्टी या खून गर्म होना, खांसी या सांस लेने में परेशानी, भूख की कमी, पेट का बढ़ जाना, पेट में अनियमितता या कब्ज, स्तन या अंडकोष में गांठ का होना इत्यादि।

**डॉ. अजय प्रजापति**
सीनियर कंसल्टेंट - न्यूरोसर्जरी
शुक्रवार, 6 फरवरी, 2026 | दोपहर 1.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे
रामा कृष्णा हॉस्पिटल, टाउन हॉल रोड, मुजफ्फरनगर
**समस्याएँ:** सिर दर्द, कमर दर्द, हाथ पैर का सुन्न होना, चक्कर आना, साइटिका, सर्वाइकल, डिस्क प्रोलैप्स, स्पोंडिलोसिस, ब्रेन एंड स्पाइन ट्यूमर, माइक्रो न्यूरो सर्जरी, मिर्गी का दौरा इत्यादि।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: +91-82188 74540**

www.maxhealthcare.in
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली (क्रॉसले रेमिडीज लिमिटेड की एक इकाई)
डब्ल्यू-3, सेक्टर -1, वैशाली, गाजियाबाद - 201012, (यूपी) | फोन: +91-0120-4173 000, 4188 000

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से मिले अलंकार अग्निहोत्री

## - 7 फरवरी को दिल्ली कूच की दी चेतावनी



**वाराणसी, 1 फरवरी (एजेंसी)।** यूजीसी के नए नियम और शंकराचार्य के मुद्दे पर सरकार की आलोचना करते हुए सरकारी सेवा से इस्तीफा देने वाले बरेली के निलंबित सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने रविवार को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से मुलाकात की। शंकराचार्य से मुलाकात के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए अलंकार अग्निहोत्री ने कहा, प्रयागराज में स्वामी जी के साथ हुई घटना के बाद मेरी उनसे बात हुई थी। उन्होंने मुझे प्रयागराज में मुलाकात के लिए आमंत्रित किया था, लेकिन तब तक वह वाराणसी आ गए थे। आगे किस तरह से विरोध करेंगे? इस सवाल के जवाब में अलंकार ने कहा कि 1989 में देश का सबसे काला कानून एससी-एसटी कानून लागू हुआ। अब यूजीसी कानून ने पूरी तरह पोल खोलकर रख दी है। सरकार के खिलाफ लोगों में आक्रोश है। कोर वोटर सरकार से हट गया है। 85 प्रतिशत लोग एससी-एसटी कानून से प्रभावित होते हैं। 95 फीसदी केस फर्जी होते हैं। इस काले कानून को सरकार 6 फरवरी 2026 को वापस ले ले, अन्यथा 7 फरवरी को महाआंदोलन होगा। राष्ट्र की ओर से हम लोग दिल्ली कूच करेंगे। लोगों से भी आह्वान करेंगे।

# यूपी सरकार ने 68,236 सरकारी कर्मचारियों का वेतन रोका

**लखनऊ, 1 फरवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने मानव संपदा पोर्टल पर अपनी संपत्ति का ब्यौरा अपलोड ना करने वाले कर्मचारियों का वेतन रोकने का फैसला ले लिया है। प्रदेश की योगी सरकार ने करीब 68 हजार से ज्यादा राज्यकर्मियों का वेतन रोक भी दिया है। सरकार के इस फैसले के बाद इन सभी कर्मचारियों को जनवरी महीने की सैलरी फरवरी में नहीं मिल पाएगी। इतना ही नहीं, संपत्ति का ब्यौरा ना देने वाले कर्मियों के खिलाफ सरकार सख्त कदम भी उठा सकती है। दरअसल यूपी में मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सभी विभागों को इस संबंध में जरूरी निर्देश दिए थे। मुख्य सचिव की ओर से कहा गया था कि सभी राज्यकर्मी अपनी चल और अचल संपत्ति का ब्यौरा मानव संपदा पोर्टल पर जमा करें। इसके लिए आखिरी तारीख 31 जनवरी तय की गई थी।

# दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का 120 किमी का हिस्सा बंद

सहारनपुर, 1 फरवरी (एजेंसी)। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के दूसरे चरण, जो बागपत के ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से सहारनपुर बाईपास के लाखनौर तक 120 किलोमीटर लंबा है, को फिलहाल वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने इस कदम को निर्माण कार्य के अंतिम चरण, जिसमें पेंटिंग और फिनिशिंग का काम शामिल है, के दौरान दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से उठाया है।

210 किलोमीटर लंबे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का निर्माण चार अलग-अलग खंडों में किया जा रहा है।

**पहला खंड:** दिल्ली के अक्षरधाम से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे जंक्शन, बागपत तक 32 किलोमीटर लंबा है, जिसे पहले ही यातायात के लिए खोल दिया गया है। **दूसरा खंड:** बागपत से सहारनपुर बाईपास के लाखनौर तक 120 किलोमीटर लंबा है। इस खंड का 33 किलोमीटर हिस्सा सहारनपुर जिले में जडौदा पांडा से लाखनौर तक फैला हुआ है। इसी खंड पर वर्तमान में पेंटिंग और फिनिशिंग का कार्य चल रहा है। **तीसरा खंड:** लाखनौर से गणेशपुर तक 40 किलोमीटर लंबा है। **चौथा खंड:** गणेशपुर से देहरादून के आसारोडी तक 18 किलोमीटर लंबा है, जिसमें 12 किलोमीटर एलिवेटेड रोड भी शामिल है। तीसरे और चौथे खंड पर वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से जारी है।

**सुरक्षा कारणों से लिया गया निर्णय** गणतंत्र दिवस की छुट्टियों के दौरान, कुछ वाहन चालकों ने गूगल मैप्स का सहारा लेकर इस अधूरे दूसरे खंड पर यात्रा करने का प्रयास किया, जिससे इस हिस्से पर सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ गई। एनएचएआई ने इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए, इस 120 किलोमीटर लंबे खंड पर बैरिकेड्स लगाकर आवागमन पूर्णतः बंद कर दिया है। एनएचएआई द्वारा जारी एक गाइडलाइन में स्पष्ट किया गया है कि कुछ वाहन चालक बैरियर्स के बावजूद इस अधूरे बागपत-सहारनपुर खंड का उपयोग करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। यह खंड वर्तमान में पूर्णतः असुरक्षित है, जहां भारी मशीनरी का संचालन, साइनेज की कमी और उच्च जोखिम वाले क्षेत्र मौजूद हैं।

**कब खुलेगा मार्ग?** एनएचएआई के साइट इंजीनियर, सोनू सिंह ने बताया कि इस खंड का निर्माण कार्य फरवरी के दूसरे सप्ताह तक पूरा होने की संभावना है। मंत्रालय से उद्घाटन की हरी झंडी मिलने के बाद इसे वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। तब तक, वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे कार्य पूरा होने तक इस मार्ग का इस्तेमाल न करें। यह महत्वपूर्ण कदम यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और निर्माण कार्य को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए उठाया गया है, ताकि भविष्य में इस एक्सप्रेसवे पर सुरक्षित और निर्बाध यात्रा सुनिश्चित हो सके।




# टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मैच नहीं होगा

## - बांग्लादेश के समर्थन में 15 फरवरी के महामुकाबले का बॉयकॉट किया




**नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच नहीं होगा। पाकिस्तान सरकार ने इस मैच के बॉयकॉट का ऐलान किया। दोनों टीमें 15 फरवरी को कोलंबो में एक-दूसरे से भिड़ने वाली थी। हालांकि, फिलहाल यह तय नहीं है अगर भारत और पाकिस्तान की टीमें नॉकआउट राउंड में भिड़ीं तब पाकिस्तान खेलेगा या नहीं? इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में एंट्री दी थी। आईसीसी के इस फैसले के विरोध में पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच का बॉयकॉट कर दिया। पाकिस्तान सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि उनकी टीम भारत से वर्ल्ड कप मैच नहीं खेलेगी। पाकिस्तान ने रविवार को घोषणा की कि वह टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेगा, लेकिन भारत के खिलाफ मैच का बॉयकॉट करेगा। पाकिस्तान सरकार ने यह फैसला इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के बांग्लादेश को टूनार्मेंट से हटाने के बाद लिया, बांग्लादेश सरकार ने भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा चिंता जताई थी। सरकार ने पर एक पोस्ट में कहा, "इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान की सरकार, पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आईसीसी वर्ल्ड टी 20 2026 में हिस्सा लेने की मंजूरी देती है। हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट टीम 15 फरवरी 2026 को भारत के खिलाफ होने वाले मैच में मैदान पर नहीं उतरेगी।

# सीएम योगी बोले- सड़कों पर न दौड़ें ओवरलोड ट्रक और डंफर, इन्हें पूरी तरह रोकें

**लखनऊ, 1 फरवरी (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में सड़क सुरक्षा और यातायात की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ओवरलोड ट्रक और डंपरों का संचालन पूरी तरह रोकें। भारी वाहन चालकों की नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच भी कराई जाए। इससे थकान या असावधानी से होने वाले हादसों को रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में नई तकनीक अपनाएं। इससे इनकी लागत कम और टिकाऊ होगी ऐसे नवप्रयोगों पर काम करें। स2्रीएम रविवार को उप्र राज्य सड़क निधि प्रबंधन समिति की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण और रखरखाव के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन हो। यह राज्य के आर्थिक विकास, निवेश आकर्षण, औद्योगिक विस्तार और जनसुविधाओं का आधार है। सभी विभाग समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निर्माण को प्राथमिकता दें। पुराने कार्य लंबित न रहें। प्रत्येक वर्ष में अप्रैल अंत तक वार्षिक कार्ययोजना बनाकर मंजूर कराएं। प्रत्येक परियोजना तय समय में पूरी हो। राज्य सड़क निधि प्रबंधन समिति की बैठकें वर्ष में कम से कम दो बार कराएं ताकि नियमित समीक्षा हो सके। सड़क निर्माण संबंधी प्रस्ताव केवल जनप्रतिनिधियों से प्राप्त किए जाएं। उन्होंने सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने और स्थानीय निकायों की व्यवस्था के अनुसार पार्किंग सुनिश्चित करने के साथ यह निर्देश भी दिया कि मरम्मत और नए निर्माण कार्य पारदर्शी, उच्च गुणवत्ता वाले और जनता को वास्तविक राहत देने वाले होने चाहिए।



# एअर इंडिया ने शुरू की शंघाई-दिल्ली उड़ान, गलवां झड़प के छह साल बाद बहाल हुई हवाई सेवा




**बीजिंग, 1 फरवरी (एजेंसी)।** एअर इंडिया ने रविवार को शंघाई और दिल्ली के बीच सीधी उड़ान शुरू की। इसके साथ ही दोनों शहरों के बीच करीब छह साल बाद हवाई सेवाएं फिर से शुरू हुईं। शंघाई-पुडोंग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पहली शंघाई-नई दिल्ली उड़ान रवाना हुई, जिसमें बोइंग 787 विमान पर 230 से अधिक यात्री सवार थे। शंघाई स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। पूर्वी लद्दाख की गलवां घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़प के बाद हवाई सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं। एअर इंडिया ने करीब छह साल के अंतराल के बाद अपनी उड़ानों को संचालन शुरू किया और यह द्विपक्षीय हवाई संपर्क को सामान्य करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।



**केंद्र सरकार का 2026-27 का आम बजट, मा. प्रधानमंत्री जी के सशक्त नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला एक दूरदर्शी, संतुलित और जनहितैषी बजट है, जिसमें किसान, गरीब, महिला, युवा, मध्यम वर्ग, एमएसएमई एवं उद्यमियों सभी के हितों का समुचित ध्यान रखा गया है। इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सृजन तथा डिजिटल और हरित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाले प्रावधान देश की आर्थिक मजबूती को नई दिशा प्रदान करेंगे। यह बजट आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को सशक्त करते हुए उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।**

**अनिल कुमार**
**(कैबिनेट मंत्री) उ.प्र. सरकार**

# कृषि बजट पर राकेश टिकैत की प्रतिक्रिया : किसान सम्मान निधि न बढ़ना निराशाजनक



**मुजफ्फरनगर, 01 फरवरी (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे किसानों की उम्मीदों के विपरीत बताया है। मुजफ्फरनगर स्थित अपने आवास पर मीडिया से बातचीत करते हुए टिकैत ने कहा कि सरकार ने कृषि बजट बढ़ाने का दावा तो किया है, लेकिन यह पैसा कहां और कैसे खर्च होगा, यह देखना अभी बाकी है। टिकैत ने कहा कि किसानों को उम्मीद थी कि सम्मान निधि रुपये 6,000 से बढ़ाकर रुपये 12,000 की जाएगी, जिससे छोटे किसानों को लाभ मिलता, लेकिन महंगाई के दौर में भी इसमें कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। फसलों के दाम बढ़ाने और एमएसपी को कानूनी गारंटी देने की मांग को बजट में नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़कें, अस्पताल और शिक्षा तभी सुधरेंगे, जब किसान की जेब में पैसा होगा। सरकार द्वारा दूध उत्पादन बढ़ाने के वादे पर उन्होंने सवाल उठाया कि जब तक देश में 'नकली दूध' और बाहर से आने वाले 'मिल्क पाउडर' पर लगाम नहीं लगेगी, तब तक असली पशुपालक को लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने पशुओं के चारे (फीड) पर सब्सिडी की मांग की। खाद की बोरियों का वजन (40 किलो) घटाने पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को कोई वास्तविक छूट नहीं मिली। साथ ही, प्रस्तावित बीज कानून को लेकर उन्होंने आशंका जताई कि इससे 'कंपनी राज' बढ़ेगा और किसानों की फसलें खराब होने पर भरपाई का कोई सिस्टम नहीं है। टिकैत ने हाल ही में सिरसा और दिल्ली के पास झज्जर, गुड़गांव के इलाकों का दौरा करने का जिक्र करते हुए कहा कि फैक्ट्रियों का कैमिकल युक्त पानी फसलों को तबाह कर रहा है। उन्होंने फसल बीमा योजना की विफलता पर भी सवाल उठाए और कहा कि जल भराव से हुए नुकसान की भरपाई किसानों को नहीं मिल रही है।

युवाओं के मुद्दे पर बोलते हुए टिकैत ने कहा कि केवल बातों से काम नहीं चलेगा। हरियाणा की तर्ज पर हर गांव में खेल स्टेडियम बनने चाहिएं, ताकि ग्रामीण प्रतिभाओं को मौका मिले। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसान अपने आंदोलन की राह पर है और हक के लिए अपनी बात मजबूती से कहता रहेगा।



# बजट में कृषि और किसान 'राम भरोसे', सरकार ने फेरा मुँह अब प्रभु श्रीराम ही सहारा



मुजफ्फरनगर, 1 फरवरी (बु.)। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रमुख नेता धर्मेंद्र मलिक ने वित मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए आम बजट 2025-26 पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने बजट को किसानों के लिए अत्यंत निराशाजनक बताते हुए कहा कि सरकार ने देश के अन्नदाता और कृषि क्षेत्र को पूरी तरह से 'राम भरोसे' छोड़ दिया है। धर्मेंद्र मलिक ने कहा कि बजट में कृषि को केवल उत्पादकता बढ़ाने के सीमित दायरे में रखा गया है। उन्होंने तर्क दिया कि किसान का कल्याण केवल उत्पादन बढ़ने से नहीं, बल्कि फसलों का उचित मूल्य मिलने से होता है। मलिक ने चेताया कि उत्पादकता मौसम, पानी, मिट्टी और खाद-बीज जैसे कारकों पर निर्भर करती है, यदि इनमें से एक भी घटक प्रभावित हुआ, तो किसान की कमर टूट जाएगी। किसान की आय बढ़ाने के लिए ठोस रोडमैप या लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने का कोई प्रावधान नहीं है। पिछले वर्षों में कृषि क्षेत्र के लिए की गई घोषणाओं का कोई लेखा-जोखा इस बजट में पेश नहीं किया गया। आर्थिक सर्वेक्षण में कृषि क्षेत्र को लेकर जो चिंताएं जताई गई थी, बजट में उनके समाधान का कोई रास्ता नहीं दिखा। कृषि क्षेत्र में किसी क्रांतिकारी बदलाव या निवेश का कोई संकेत नहीं मिला है।

# तरक्की देने वाला बजट: अमरकांत गुप्ता



**मुजफ्फरनगर, 1 फरवरी (बु.)।** वरिष्ठ कर अधिवक्ता अमरकांत गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय बजट बहुत अच्छा है। इसमें देश की तरक्की को ध्यान में रखा गया है। इससे रोजगार में वृद्धि होगी। एमएसएमई और लघु उद्योग के अलावा इलेक्ट्रानिक सेक्टर के लिए की गई व्यवस्था स्वागत योग्य है।

उन्होंने कहा कि आईटीआर नियमों में बदलाव अच्छा है। विदेशी आय पर एक करोड़ से अधिक पर तीस प्रतिशत टैक्स, अघोषित आय पर तीस प्रतिशत जुर्माना व टैक्स गड़बड़ी पर अब सजा नहीं भुगतनी होगी। प्रिवियस इयर और असेसमेंट ईयर की अवधारणा खत्म कर अब सिर्फ एक टैक्स ईयर करना और आईटीआर लेट फाइल करने पर टीडीएस क्लेम बिना पेनल्टी मिलने की व्यवस्था भी स्वागत योग्य है। विदेश में पढ़ाई टीसीएस पांच से घटाकर दो प्रतिशत किए जाने से छात्रों को लाभ मिला।

# सभी वर्गों को मिलेगा लाभ: डॉ.सुषमा सैनी



डीएवी कॉलेज की अर्थशास्त्र विभाग की प्रवक्ता डॉ.सुषमा सैनी ने कहा कि बजट में बुजुर्गों, महिलाओं और किसानों के लिए कई स्वागत योग्य घोषणाएं की गई हैं। केसीसी के अंतर्गत सब्सीडी वाले ऋण की सीमा तीन से बढ़ाकर पांच लाख करने से किसानों को राहत मिलेगी। आयकर नियमों का सरलीकरण आम आयकर दाता को लाभ देगा।

# लघु उद्योग के लिए कुछ राहत वाला बजट



विपुल भटनागर, पूर्व चेयरमैन इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, मुजफ्फरनगर ने कहा कि आज का बजट मेरी नजर में लघु उद्योग के लिए कुछ राहत वाला है। बजट में लघु उद्योग के लिए 10000 करोड़ के ग्रोथ फंड का प्रोविजन किया गया है व इनकम टैक्स के नए नियमों में भी सरलीकरण की बात है, जो स्वागत योग्य है। क्रेडिट गारंटी स्कीम के विस्तार से उद्योग में लोन की उपलब्धता आसान होगी। स्टार्टअप में स्किल डेवलपमेंट में रोजगार के अवसर बनेंगे, हालांकि छोटे उद्योग को त्वरित कोई टैक्स रहता या छूट नहीं मिली है, परंतु जिस प्रकार इंफ्रास्ट्रक्चर,रेलवे व टेक्नोलॉजी के लिए बजट एलोकेशन किये गए है, उसे विकास भी होगा रोजगार सृजन भी होगा। सभी वर्ग को फायदा भी होगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश को एम्स मिलना व कई बड़ी योजनाओं के मिलने से नए रोजगार के अवसर इस क्षेत्र में होंगे। इनकम टैक्स स्लैब में बढ़ोतरी न होना, हालांकि हमेशा निराशाजनक होता है, परंतु नए नियमों में सरलीकरण बहुत स्वागत योग्य है। टेक्नोलॉजी को बढ़ाने के लिए बजट में जिस प्रकार से प्रोविजन किए हैं।

उसे भविष्य के भारत की मजबूत नींव रखी गई है। कुल मिलाकर यह एक विकसित भारत बनाने के लिए भविष्य का बजट है।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 01 जनवरी, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 159000 | चांदी- | 270000 |
| सिक्का- | 2750 | गिन्नी- | 117710 |

## आपका आज का राशिफल

**सोमवार, 02 फरवरी, 2025**

**मेष-** आज रात्रि 8/02 बजे तक व्यवस्थित, परिस्थितियाँ अनुकूल, मित्रों से सहयोग, लाभ का सुयोग, शेष समय विपरीत, मान-सम्मान में कमी, वाद विवाद।

**वृषभ-** कार्य-व्यवसाय में सफलता, धर्म में आस्था, मनोरंजन की ओर रुचि, पाविारिक खुशी, मित्रों परिजनों के सहयोग से बकाए धन की प्राप्ति, दाम्पत्य जीवन में मधुरता।

**मिथुन-** स्वास्थ्य अनुकूल, कार्य प्रगति पर, आमोद-प्रमोद, ज्ञान-विज्ञान की ओर रुचि, संत समागम, नूतन-पुरातन मित्रों से योजना पर विचार विमर्श, विवाद समापन।

**कर्क-** आज रात्रि 8/02 बजे तक उलझने, आपसी संबंधों में कटुता, क्रोध की अधिकता, धन हानि, कष्टद्द भी, शेष समय आशाजनक,गतिविधियों में रुझान।

**सिंह-** आज रात्रि 8/02 बजे तक विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, परिश्रम के अनुरूप सफलता, शेष समय असंतोषजनक, जीवनसाथी से कुछ कष्ट।

**कन्या-** विचाराधीन योजना कार्य रूप में परिणित, आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, आपसी सलाह से कामयाबी, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, खुशी भी।

**तुला-** कठिनाइयों की निवृत्ति, मनोवांछित सफलता का सुयोग, धन की प्राप्ति, आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता, धार्मिक क्रियाकलापों में रुचि, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग।

**वृश्चिक-** आज रात्रि 8/02 बजे तक कार्यों के प्रति उदासीनता, परिस्थितियों में व्यतिक्रम, हानि की आशंका, शेष समय आशानुकूल, सुसमाचार की प्राप्ति।

**धनु-** आज रात्रि 8/02 बजे तक सफलता, आरोग्य सुख, व्यावसायिक प्रगति, धन लाभ, प्रसन्नता, शेष समय प्रतिकूल, आर्थिक हानि, पारस्परिक संबंधों में कटुता, यात्रा कष्टद्द।

**मकर-** व्यावसायिक अनुकूलता, पारिवारिक कठिनाइयों के निवारण हेतु नवप्रयास आवश्यक, मनोविनोद का सुयोग, श्रेष्ठद्दजनों के सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, लाभ भी।

**कुम्भ-** आर्थिक प्रगति, नवयोजना पर मित्रों-स्वजनों से विचार विमर्श, सुसंदेश की प्राप्ति से हर्ष, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति, संभावित यात्रा सुखद, वादविवाद का समापन।

**मीन-** आज रात्रि 8/02 बजे तक उलझनें व्यापारिक आर्थिक हानि, क्रोध की अधिकता, अपव्यय, शेष समय प्रगतिकारक, लाभ का मार्ग प्रशस्त।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# शाहपुर में संत शिरोमणि रविदास जी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन

## - विशाल जागरण एवं हवन हुआ संपन्न - आकर्षण का केंद्र बनी दर्जनों झांकियां





**शाहपुर, 01 फरवरी (बु.)।** "जब मन चंगा तो कठौती में गंगा" का संदेश देने वाले संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर शाहपुर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल दर्जनों झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। कस्बे व देहात में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होने के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। विशाल जागरण एवं हवन का आयोजन हुआ। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष परमेश सैनी, प्रमुख समाजसेवी अरविंद पाल, भाजपा नेता उमेश मित्तल वरिष्ठ सपा नेता सत्येंद्र पाल, प्रमुख भाजपा नेत्री श्रीमती रूबी सैनी, समाजसेवी विजय सैनी आदि मुख्य अतिथियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। कस्बे में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर शोभायात्रा समिति के तत्वावधान में निकाली गई शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी ने किया, जबकि दीप प्रज्वलित समाजसेवी विजय सैनी व संत शिरोमणि के चित्र पर माल्यार्पण उमेश मित्तल ने किया। इससे पूर्व रविदास मंदिर में हवन का आयोजन किया गया। भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष रूबी सैनी हवन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। शोभायात्रा कस्बे से प्रारंभ होकर मौहल्ला गड़रियान, दरबार, मेन बाजार, मेन चौक, मंगलापुरी मंडी, गोकुलपुर, मालदा बाग व सैनियान होते हुए संपन्न हुई। शोभायात्रा में बनी झांकियां नागरिकों के आकर्षण का केंद्र रही। मंगलवार की रात्रि आयोजित विशाल मां भगवती जागरण का शुभारंभ समाजसेवी अरविंद पाल ने किया, जबकि मुख्य अतिथि समाजसेवी सपा नेता सतेंद्र कुमार पाल रहे। शोभायात्रा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष चतुर्वेदी, सभासद रेनू कुमार, सावन कुमार, सुधीर कुमार, कर्मवीर सिंह, सचिन कुमार, नरेश आदि का योगदान रहा। गांव सोरम में निकाली गई शोभायात्रा के अतिथि गांव प्रधान करणवीर सिंह, सपा नेता सतेंद्र पाल, मनीष बालियान, संदीप बालियान व सन्नी बालियान आदि रहे। गांव चांदपुर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ गांव प्रधान डॉ. कुलदीप त्यागी ने किया। इसके अलावा गांव कमालपुर, आदमपुर, निरमाना, गोयला आदि गांवों में भी संत शिरोमणि रविदास जी की शोभायात्रा निकाली गई।





# भाई ही बना भाई का दुश्मन घर में घुसकर की जबरदस्त तोड़फोड़



**मुजफ्फरनगर, 01 फरवरी (बु.)।** नगर में थाना कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला रामपुरी में वसीम नाम के व्यक्ति ने दिन निकलते ही अपने भाई आसिफ के घर में घुसकर जबरदस्त तोड़फोड़ कर दी, जिसमें आरोपी ने अपने भाई की घर में खड़ी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए और बाहर गली में खड़ी एक्टिवा स्कूटी में भी तोड़फोड़ कर दी और मौके से फरार हो गया। पीड़ित आसिफ ने मामले की जानकारी यूपी डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को जानकारी दी, जिसमें सूचना के तुरंत बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। आरोप है कि वसीम आवारा किस्म का व्यक्ति है, जिसने परिवार के द्वारा कई बार व्यापार के लिए पैसे दिए, मगर उन्हें आवारागर्दी में बर्बाद कर फिर अपने भाइयों के साथ लड़ाई-झगड़ा करने लगता था। कई बार भाइयों द्वारा मदद करने के बावजूद भी आरोपी अपने भाइयों के पीछे पड़ा हुआ है और रविवार की सुबह दिन निकलते ही आरोपी ने घर में घुसकर डंडे से गाड़ी के शीशे तोड़ दिए और बाहर गली में खड़ी एक्टिवा स्कूटी में भी तोड़फोड़ कर दी। आरोपी वसीम से परिवार तंग आ चुका है और मामले की शिकायत पुलिस में करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# मिशन शक्ति टीम ने पति-पत्नी विवाद सुलझाया

**चरथावल, 01 फरवरी (बु.)।** मिशन शक्ति टीम ने पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद का सफलतापूर्वक निस्तारण कराया है। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया, जिसके बाद आपसी सहमति से समझौता हो गया। चरथावल कस्बे के मौहल्ला मुर्दापट्टी निवासी नाजमा पत्नी राकिब त्यागी ने चरथावल थाने में अपने पति राकिब त्यागी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। नाजमा ने आरोप लगाया था कि घरेलू विवाद के दौरान उनके पति ने बेल्ट और लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान थीं। उन्होंने थाने में लिखित प्रार्थना-पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल संज्ञान लिया। दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया और बातचीत के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति प्रभारी महिला उपनिरीक्षक डोली और महिला कांस्टेबल नीरज चौधरी ने पति-पत्नी दोनों को समझाया। उन्होंने पारिवारिक मामलों में आपसी संवाद और समझ के महत्व पर जोर दिया। पुलिस की मध्यस्थता और मिशन शक्ति टीम की पहल के बाद, दोनों पक्ष समझौते पर सहमत हो गए। समझौते के दौरान, पति-पत्नी ने भविष्य में किसी भी प्रकार का विवाद न करने और शांतिपूर्वक दांपत्य जीवन व्यतीत करने का आश्वासन दिया। पुलिस ने इस समझौते के आधार पर मामले का शांतिपूर्वक निस्तारण कर दिया। मिशन शक्ति टीम के इस कार्य की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।



# ऐतिहासिक रूप से मीरापुर में अमर शहीद राजा रत्न चंद्र जयंती धूमधाम से मनाई

## -जल्द होगा मुकल्लमपुरा में राजा जी के ऐतिहासिक किले का जीर्णोद्धार : शलभ गुप्ता

**मुजफ्फरनगर, 01 फरवरी (बुस.)।** कार्यक्रम मुख्य संयोजक शलभ गुप्ता एवं सहसंयोजक शिवम राजवंश द्वारा संयुक्त रूप से जानकारी दी गई कि रविवार को मीरापुर स्थित भव्य पैलेस पर अमर शहीद राजा रत्नचंद जी की जयंती का भव्य रूप से आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ उद्योगपति एवं समाजसेवी अजय गुप्ता, अति विशिष्ट अतिथि अवनीश राजवंशी फिल्म निर्माता, रंजन मित्तल एडवोकेट वरिष्ठ अधिवक्ता, विशिष्ट अतिथिगण अनीता राजवंशी पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष, ममता चंद्रा पूर्व केंद्रीय महामंत्री, सुधीर एरन समाजसेवी, सरिता राजवंशी केंद्रीय उपाध्यक्ष रहे। सर्वप्रथम 5 बार गायत्री मंत्र का उच्चारण कर जयंती का आरंभ किया गया और सम्मानित अतिथिगणों के द्वारा माँ कुलदेवी लक्ष्मी, महाराजा अग्रसेन जी महाराज,अमर शहीद राजा रत्न चंद्र के चित्रों के सम्मुख अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित किया गया। उसके पश्चात सम्मानित अतिथिगणों का कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों के द्वारा माला, पटका पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मीरापुर सभा के कार्यकारी अध्यक्ष राजीव गर्ग के द्वारा की गई और जयंती का संचालन संयुक्त रूप से मुख्य संयोजक शलभ गुप्ता एवं केंद्रीय महामंत्री संजीव ऐरन के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। राजवंश समाज मेधावी छात्र-छात्राओं एवं अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में प्रतिभावान बच्चों एवं युवाओं का सम्मान किया गया। राजवंश मयूरी प्रतियोगिता में प्रथम अन्विका गर्ग, द्वितीय आरोही कंसल, तृतीय विदिशा गर्ग को केंद्रीय अध्यक्ष कुलदीप कंसल द्वारा पूरण चंद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 50 वर्ष वैवाहिक जीवन के पूर्ण होने पर तथा विशेष साहित्यकार पुरस्कार अतुल प्रभाकर को सम्मानित किया गया। चौथी पीढ़ी देखने पर शकुंतला देवी जी को सम्मानित किया गया। नमामि गंगे में विशेष सेवा देने पर जया मित्तल जी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। राजवंश समाज में अतुलनीय सेवा देने पर सुनीता ऐरन एवं पंकज राजवंशी को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। एमएसएमई में जिला प्रशासन द्वारा आचार उद्योग में महारत प्राप्त करने पर सीमा गोयल ओर राज्य सरकार द्वारा बेस्ट शिक्षिका का पूजा मित्तल को पुरस्कृत कर स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अजय गुप्ता द्वारा कहा गया कि राजवंश समाज की इस भारी भीड़ को देखकर बहुत हर्ष हुआ। इसके लिए संयोजकगण शलभ गुप्ता, शिवम राजवंशी बधाई के पात्र हैं। आपके द्वारा शहीद राजा रत्न चंद्र की जन्म स्थली ग्राम मुकल्लमपुरा में उनके किले पर ध्वजारोहण कर राजवंश समाज का जो परचम लहराया गया, वह अत्यंत अतुलनीय कार्य है। इतिहास की इस धरोहर का अब आप लोग जीर्णोद्धार कर अपना कार्य पूरा करें। अति विशिष्ट अतिथि रंजन मित्तल एडवोकेट ने मंच से अमर शहीद राजा रत्न चंद्र के मुकल्लमपुरा स्थित मंदिर में हो रहे निर्माण में आर्थिक रूप से सहयोग करने की घोषणा की। केंद्रीय अध्यक्ष कुलदीप कंसल ने आये हुए सभी अतिथियों का और विभिन्न जिले से आये राजवंश बंधुओं का हार्दिक आभार प्रकट किया। जयंती को ममता चंद्रा, अवनीश राजवंशी, सुधीर एरन, अनीता राजवंशी द्वारा भी संबोधित किया गया। मुख्य अतिथि अजय गुप्ता द्वारा शलभ गुप्ता एवं शिवम राजवंशी को पटका, शॉल, स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। अंत में अमर शहीद राजा रत्न चंद्र जी के जीवन पर आधारित पिक्चर दिखाई गई और राष्ट्रगान किया गया। मुख्य रूप से पुलकित गुप्ता, आशुतोष राजवंशी, मनीष राजवंशी, शुभम गुप्ता, प्रियम राजवंशी, माणिक गर्ग, सुधीर गुप्ता, संदीप राजवंशी, अभय गुप्ता, दीपा गुप्ता, सोनम राजवंशी, तरुण राजवंशी, राजेंद्र प्रसाद गर्ग, विपिन गुप्ता, अमित गुप्ता एडवोकेट, अजय गर्ग, गुंजन गर्ग, पंकज राजवंशी, सुबोध ऐरन, कन्हैया लाल गुप्ता, आर.के. गोयल, योगेश गर्ग, विजय गर्ग, धीरज गुप्ता, आर.सी. गोयल, संजीव गोयल, नवनीत गुप्ता, आकाश गुप्ता, भावना गुप्ता, रेखा गुप्ता, मोनिका कंसल, सुनीता ऐरन, नीता गुप्ता, पीयूष गुप्ता, रविकांत गुप्ता, निलेश गर्ग, आरुषि गर्ग, विनीता, वीणा ऐरन, सुधीर ऐरन, प्रमोद गर्ग, दीपक गुप्ता, सतीश चंद्रा, सुरेंद्र कुमार, संजीव गोयल, अर्चना प्रभाकर, दीपक गोयल, नवीन कुमार आदि हजारों राजवंश बंधु मौजूद रहे।







संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## बजट 2026 पर विपक्ष की प्रतिक्रिया

बजट पर स्वभावत: विपक्ष की टिप्पणियां नकारात्मक ही होती हैं, इस बार भी ऐसा ही है। भाजपा के और भाजपा से जुड़े नेता बजट की तारीफ कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक बजट है। पीएम की रिफॉर्म एक्सप्रेस विकसित भारत की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। बजट का विश्लेषण अगले कुछ दिनों तक होता रहेगा, लेकिन शेयर बाजार ने तुरंत प्रतिक्रिया दे दी। बजट के बाद कल यानी 1 फरवरी को शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ। सेंसेक्स 1546 अंक यानी करीब 2 प्रतिशत गिरकर 80,722 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 495 अंक टूटा, ये 24,825 के स्तर पर बंद हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कल वित्त वर्ष 2026-27 के लिए केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया। इस केंद्रीय बजट 2026 में सरकार ने एक तरफ मैन्युफैक्चरिंग, एक्सपोर्ट और ग्रीन एनर्जी को राहत दी है, तो दूसरी तरफ शेयर बाजार से जुड़े निवेश और कुछ गतिविधियों को महंगा किया है। सरकार ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 17 दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी हटा दी है, जिससे भारतीय बाजार में ये दवाएं सस्ती हो जाएंगी। इसके अलावा, 7 दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए विदेश से मंगवाई जाने वाली दवाओं पर भी सरकार ने ड्यूटी हटा दी है। सरकार ने इलेक्ट्रिक व्हीकल, सोलर पैनल और ग्रीन एनर्जी उत्पादन से जुड़े कुछ उपकरणों पर भी ड्यूटी कम की है। बजट में टैक्स को लेकर कोई रियायत नहीं दी गई है और न ही बड़ा ऐलान किया गया है। सरकार ने दावा किया है कि यह बजट विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की तरफ बढ़ने में काफी अहम साबित होगा। विपक्षी नेता बजट की आलोचना करते रहे। उनकी बातें अपनी जगह और बजट का सच अपनी जगह। बजट पर राहुल गांधी ने कहा कि 2026-27 का केंद्रीय बजट भारत के असली संकटों से आंखें मूंदे हुए है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि देश में युवा बेरोजगार हैं, मैन्युफैक्चरिंग में गिरावट आ रही है और किसान संकट में हैं, लेकिन बजट में इन मुद्दों को नजरअंदाज किया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि युवा बिना नौकरी के हैं। मैन्युफैक्चरिंग गिर रही है। निवेशक पूंजी निकाल रहे हैं। घरेलू बचत कम हो रही है। किसान संकट में हैं। वैश्विक स्तर पर बड़े झटकों की आशंका है, लेकिन इन सबको अनदेखा किया गया है। यह ऐसा बजट है जो दिशा सुधार से इन्कार करता है और भारत के वास्तविक संकटों को नहीं देखता। इस पर किसी ने जवाब दिया कि देश की बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था को मृत बताने वाले नेता की आँखें खुद मूंदी हुई हैं, उन्हें बजट की बारीकियां क्या पता होंगी। संसद में कांग्रेस के बाद बड़ी संख्या वाले सांसदों की पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने भी बजट पर नकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। इस बार के बजट से उनकी उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर अखिलेश यादव ने कहा कि जिस सरकार से कोई उम्मीद नहीं है, उसके बजट से क्या उम्मीद होगी? पिछले तमाम बजटों में देखने को मिला है कि बजट 5 प्रतिशत लोगों के लिए बनता है। आज सरकार को ये सोचना चाहिए कि उसने अपने घोषणा-पत्र में जो वादे किए थे, क्या उस पर वे खरे उतरे हैं? सपा नेता रामगोपाल यादव ने कहा है कि बजट से कोई उम्मीद नहीं है। तीन चार व्यापारी बजट बनाकर देते हैं। बजट पर शिवसेना उद्धव गुट की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी की नजर वित्त मन्त्री की साड़ी पर रही। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि निर्मला सीतारमण जी को बहुत बधाई यह उनका नौवां बजट है। उनको चुनावी राज्यों से बढ़कर देश के हित में बजट जारी करना चाहिए। देश की इकोनॉमी की दिशा उनके हाथ में है। उनको बस तमिलनाडु की साड़ी पहन कर चुनावी बजट नहीं जारी करना चाहिए। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से पोस्ट कर केंद्र सरकार के बजट पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि मोदी के फर्जी बजट से शेयर मार्केट धड़ाम से गिरा है। ममता बनर्जी ने बजट को लेकर कहा है कि बजट में एक भी पैसा बंगाल को नहीं दिया गया है। इस बजट से अर्थव्यवस्था खत्म हो जायेगी, इस बजट में केवल बोला गया है, है कुछ भी नहीं, तीन कॉरीडोर बनाने की जो बात हो रही है बजट में यह पूरी तरह से झूठ है। बजट दिशाहीन है। पंजाब के मुख्यमन्त्री भगवंत मान ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट एक बार फिर पंजाब की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। इस बजट में न किसानों के लिए एमएसपी पर कोई ठोस घोषणा की गई और न ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों या उद्योग एवं टैक्स में किसी तरह की राहत दी गई। पंजाब की आर्थिक मजबूती के लिए इस बजट में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। हर बार की तरह इस बार भी पंजाब और पंजाबियों के साथ सौतेला व्यवहार किया गया। जयंत चौधरी ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 15,000 स्कूलों और 500 कॉलेजों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब्स नए रचनात्मक करियर के द्वार खोलेंगी। 5 विश्वविद्यालय टाउनशिप और नियोजित शैक्षणिक क्षेत्रों के लिए समर्थन क्षेत्रीय शिक्षा केंद्रों को मजबूत करेगा और प्रत्येक जिले में एक बालिका छात्रावास सभी शिक्षार्थियों के लिए पहुंच और सम्मान सुनिश्चित करेगा। शिक्षा पर कुल लागत कर को 5 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत करने से छात्रों और परिवारों पर वित्तीय बोझ कम होगा। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय बजट 2026-27 की सराहना की और कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि ये बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है और भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव को सशक्त करता है। ये बजट 2047 के विकसित भारत की हमारी ऊंची उड़ान का मजबूत आधार है। आज भारत जिस रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है, इस बजट से उसे नई ऊर्जा, नई गति मिलेगी, जो पाथ ब्रेकिंग रिफॉर्म किए गए हैं, वो आकांक्षा से भरे हुए भारत के साहसिक, प्रतिभाशाली युवाओं को उड़ने के लिए खुला आसमान देते हैं। प्रधानमन्त्री ने कहा कि भारत के 140 करोड़ नागरिक सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनकर ही संतुष्ट नहीं हैं। हम जल्द से जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं। ये करोड़ों देशवासियों का संकल्प है। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं। बजट के बाद प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी रविदासिया समाज के जालंधर स्थित सबसे बड़े धार्मिक स्थल डेरा सचखण्ड बल्लां पहुंचे। जालंधर एयरपोर्ट को पहले आदमपुर एयरपोर्ट के नाम से जाना जाता था। अब इसे श्री गुरु रविदास जी महाराज हवाई अड्डा कहा जाएगा। रविवार शाम जालंधर पहुंचने वाले लोगों को एयरपोर्ट का नया नाम देखने को मिलेगा।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'सियासत' 'कोल्हू' 'जहर' 'दवा'

ये सियासत है ये तेरे बस का धंदा ही नहीं,
तेल का कोल्हू लगा तेरे बड़ा काम आएगा।
जहर की भी कद्र कर तू अपने जीवन में 'सुनील',
वक्त पड़ने पर वही बनकर दवा काम आएगा।







# संत रविदास जयंती पर भक्ति मय हुआ नगर, खूब झूमे युवा

### - मंत्री अनिल कुमार व कपिल देव ने किया शोभायात्रा का शुभारंभ - बैंडबाजे, डीजे व झांकियों ने मोहा भक्तों का मन



**मुजफ्फरनगर, 01 फरवरी (बु.)।** संत शिरोमणि रविदासजी की जयंती रविवार को देशभर के साथ जनपद में बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान नगर मुख्यालय पर विभिन्न मौहल्लों से बैंडबाजे और डीजे के साथ मुख्य मार्गों से निकली शोभायात्रा लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। इस शोभायात्रा में संत रविदासजी के अनुयायी भजन-कीर्तन करते हुए झूमते नाचते शामिल रहे। इस शोभायात्रा का शुभारंभ टाउनहाल प्रांगण से कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार एवं राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस बीच समाज के गणमान्य लोगों ने मंत्री अनिल कुमार और मंत्री कपिल देव का पटका पहनाकर स्वागत किया। टाउनहाल प्रांगण से पूजन के साथ शोभायात्रा शुभारंभ अवसर पर मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि हमें संत रविदास जी महाराज के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। राज्यमंत्री कपिलदेव ने कहा कि 15वीं शताब्दी के एक महान निर्गुण भक्ति संत, कवि और समाज सुधारक संत रविदास जी महाराज ने जात-पांत, छुआछूत का विरोध किया और ईश्वर के प्रति प्रेम एवं मानवता का संदेश दिया। हमें उनके बताये मार्ग को अपनाना चाहिए। इससे पूर्व रविवार दोपहर एक बजे मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया व राव नदीम एड. ने मौहल्ला रैदासपुरी में मंदिर पर फीता काटकर पूजा अर्चन करते हुए संत शिरोमणि रविदास जी महाराज का स्मरण किया। नगर के विभिन्न स्थानों पर संत रविदास महाराज की शोभायात्रा निकाली गयी, जो विभिन्न मार्गो से होते हुए बैंडबाजे, डीजे और भव्य झांकियां लेकर टाउनहाल प्रागंण में एकत्रित हुए, जहां से उक्त शोभायात्रा सीधे नगर के झांसी की रानी, शिवचौक, रुड़की रोड, नावल्टी चौक, बकरा मार्किट, नम्बर दो चुंगी, आबकारी रोड, हनुमान चौक, भगत सिंह रोड, शिवचौक पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में मुख्य रूप से सन्त शिरोमणि रविदास महासभा के अध्यक्ष राजकुमार सिद्धार्थ, महासचिव दीपचंद माटू, संरक्षक रजनीश गौतम, मीडिया प्रभारी विजय कैमरिक, नीरज छपारिया, अश्वनी कल्याणी, रामनिवास, मास्टर सोमदत्त, सतीश डेन्टर, जितेन्द्र धीरयान, किरणपाल भूरा, संजय जानिया, डॉ. मुकेश गौतम, कुलदीप कुमार, अमित गौतम, सुंदर लाल, राजपाल, भूषण, दीपक, सुमित, रोहित, अंकित, सागर, खादरवाला से बोहरन लाल, सुभाषदेव भारती, बाबू सिंह बौद्ध, मा. मुकेश, हर्ष कुमार, शुभम, जोनी, मोहित, अविनाश, रूपेश, सुदेश, बड्डू चौधरी, नवीन, अंकुश, राकेश, बलराम, संदीप, कलीराम एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष बार संघ, राजबल राणा एड. आदि शामिल रहे। संत शिरोमणि रविदास जयंती अवसर पर टाउनहॉल से निकाली विशाल शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। इस दौरान रविदास जयंती पर भाजपा, सपा एवं रालोद जिला कार्यालय आदि सभी राजनैतिक दलों के कार्यालयों पर कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने नगर क्षेत्र में रविदास जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में पहुंच संत रविदास जी को नमन किया। इस दौरान कई गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।



# डीएम, एसएसपी ने पुलिसबल के साथ किया फ्लैग मार्च



**मुजफ्फरनगर, 1 फरवरी (बु.)।** संत रविदास जंयती व आगामी शब-ए-बारात के चलते जनपद में कानून एवं शान्ति व्यस्था बनाये रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से रविवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के द्वारा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ थाना खालापार व कोतवाली नगर के अन्तर्गत प्रमुख चौराहों, बाजारों, संवेदनशील स्थानों व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिसबल के साथ मय दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया गया। फ्लैग मार्च के दौरान एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, एएसपी सिद्धार्थ के मिश्रा, थाना प्रभारी कोतवाली नगर बबलू कुमार, थाना प्रभारी खालापारमहावीर सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने थाना प्रभारियों को सतर्क दृष्टि रखते हुए भ्रमणशील रहने, बाजारों व भीड-भाड़ वाले स्थानों पर नियमित रूप से गश्त करने के आदेश दिए हैं।

# न्यू मैक्स सिटी में किया सुधांशु महाराज ने नवनिर्माणाधीन मंदिर का शिला पूजन

### - मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील गोयल, संजय अग्रवाल ने किया महाराज श्री का सम्मान



**मुजफ्फरनगर, 01 फरवरी (बु.)।** शनिवार को जनपद के मेरठ रोड स्थित न्यू मैक्स सिटी में सुविख्यात संत सुधाशु महाराज ने नवनिर्माणाधीन मंदिर के लिए शिला पूजन किया। शिला पूजन में न्यूमैक्स के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील गोयल एवं उनकी धर्मपत्नी सीमा गोयल, डायरेक्टर संजय अग्रवाल, ज्ञानेन्द्र अग्रवाल सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे। शनिवार में सायं 5 बजे मेरठ रोड हाइवे स्थित न्यूमैक्स सिटी परिसर में संत सुधांशु महाराज का आगमन हुआ। इस अवसर पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील गोयल समेत अन्य तमाम पदाधिकारियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर सुधांशु महाराज का स्वागत एवं अभिनंदन किया। अभिनन्दन के बाद यहां कर्मकांडी पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पहले पत्थर की शिला पर पूजा-अर्चना करते हुए मंदिर निर्माण की औपचारिक शुरूआत की। इस बीच समारोह को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। उक्त मंदिर के शिला पूजन में सभी ने फूलमालाओं, फल व प्रसाद की भेंट चढ़ाई गई। इस दौरान सुधांशु जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि यह मंदिर न केवल धार्मिक स्थल होगा, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक जागृति का केंद्र भी बनेगा। उन्होंने स्थानीय निवासियों से निर्माण कार्य में सहयोग की बात दोहराई। न्यूमैक्स सिटी के डायरेक्टर सुनील गोयल ने बताया कि मंदिर का निर्माण आधुनिक वैदिक वास्तुकला के अनुसार ही किया जाएगा, जिसमें गर्भगृह, मंडप और धर्मशाला की व्यवस्था होगी। इस शिला पूजन कार्यक्रम में स्थानीय समाजसेवी सत्यप्रकाश रेशु, मेरठ से भाजपा नेता दीपक शर्मा, एसके शर्मा व प्रबल शर्मा आदि शामिल रहे।

# हिंदू सम्मेलन में दिया सामाजिक एकता का संदेश

### आरएसएस कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित





**मुजफ्फरनगर, 01 फरवरी (बु.)।** नगर के आनंदपुरी स्थित पाल धर्मशाला में रविवार को एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग, संत-महात्मा, कार्यकर्ता और अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता व राष्ट्रहित में समाज को संगठित करने का संदेश देना रहा। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में स्वामी यशवीर महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकता और आपसी भाईचारा है। उन्होंने सामाजिक भेदभाव को दूर कर सनातन मूल्यों के संरक्षण के लिए संगठित प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकेन्द्र जी सामाजिक सद्भाव प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा कि हिन्दू समाज में समरसता व सेवाभाव को मजबूत करना सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जब समाज का प्रत्येक वर्ग साथ चलता है, तभी राष्ट्र सशक्त बन सकता है। सम्मेलनमें आरएसएस के हिंदू कार्यकर्ताओं द्वारा समाज के वरिष्ठ नागरिकों और समर्पित समाजसेवियों को पटका पहना कर सम्मानित किया। इस दौरान सम्मानित व्यक्तियों के योगदान की सराहना करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने की अपील की।

## चरथावल के तालाब में फंसा पहाड़े का बच्चा

**चरथावल, 01 फरवरी (बु.)।** नगर के बाहर स्थित एक तालाब में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब वहां एक पहाड़े (नीलगाय) का बच्चा पानी के दल-दल में फंसा हुआ दिखाई दिया। तालाब में मासूम जानवर को फंसा देख आसपास मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई और मौके पर हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने बिना देर किए मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना चरथावल मे तैनात पुलिसकर्मी राहुल गिरी और तेजेंद्र धामा तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से तत्परता दिखाते हुए रेस्क्यू अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद पहाड़े के बच्चे को सुरक्षित तालाब से बाहर निकाल लिया गया। रेस्क्यू के दौरान किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई। बाद में पहाड़े के बच्चे को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और स्थानीय लोगों की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। पुलिसकर्मियों के मानवीय प्रयास की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। इस दौरान स्थानीय युवक नदीम द्वारा हौसला दिखाते हुए रेस्क्यू अभियान को अंजाम दिया।

# हिंदू सम्मेलन में सनातन संस्कृति बचाने पर बल



**मुजफ्फरनगर, 01 फरवरी (बुस.)।** गांधीनगर में मंगलम बैंकटहॉल में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में अतिथियों ने भारत माता एवं संत शिरोमणि रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करके एवं बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना से सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध धर्मप्रचारक मृदुल गंगोत्री तिवारी ने स्वयं को सुधारने, सनातन को जगाने तथा धर्म नहीं बचा तो जाति कहां से बचेगी पर बात की। घर-घर भगवा लगाने, सनातन और राष्ट्र के प्रति समर्पण आपके जीवन में होना चाहिए, कई स्थान से हिंदू परिवारों के पलायन पर चिंता व्यक्त की। मुख्य अतिथि महंत यति रामस्वरूपानंद जूना अखाड़ा ने हिंदुओं की लगातार घट रही संख्या, हिंदू बहन-बेटियों के साथ लव जेहाद जैसे मुद्दे पर चिंता जताई। महंत जी ने स्वयं रक्षा हेतु आत्म निर्भर बनने, हम 2 हमारे 4 का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रमोद कुमार (विभाग कार्यवाह आर एस एस एवं प्राचार्य राखी पब्लिक स्कूल) ने आरएसएस की 100 वर्ष की राष्ट्र सेवा की यात्रा को विस्तार से आरएसएस की स्थापना का उद्देश्य, संघ द्वारा किए गए कार्य देश विदेश में किए जा रहे राष्ट्र एवं जन हित में किए जा रहे कार्यों को विस्तार से समझाया। संघ के 5 परिवर्तन स्वदेशी आत्म जागरूकता, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, के विषय को समझाया। मास्टर अनिल कुमार शर्मा ने आरएसएस के सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। कार्य का संचालन डॉ. सुभाष छोछ्लान के द्वारा किया गया कार्यक्रम में आईडीएम पब्लिम स्कूल के बच्चों के द्वारा देश के प्रति सुंदर प्रस्तुति दी गई। बच्चों को प्रोत्साहन उपहार दिए गए। आयोजन समिति के अध्यक्ष ओमकार दत्त शर्मा, राजू सैनी, नीरज गोयल, रामकुमार राठी, हरीश गोयल, ललित अग्रवाल, कमल कांत एडवोकेट, कमलदीप, राजीव शर्मा, एडवोकेट अरुण, रामकुमार राय, बृजेश कुमार, मदनपाल एडवोकेट, राजपाल धीमान, शिक्षा भार्गव का सहयोग रहा।

आवश्यकता है

ट्रेन्ड कम्पाउण्डर

रात्रि के लिए

सम्पर्क समय:- दोपहर 12 बजे से सायं 3 बजे तक

सम्पर्क स्थानः-

हर्ष मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

आर्य समाज रोड, निकट महावीर चौक, मुजफ्फरनगर

8394987290
8126737290







# भाजपा कार्यालय पर मंत्री समेत तमाम लोगों ने देखा बजट का सीधा प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 01 फरवरी (बुस.)।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर आज बजट का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से देखा गया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने इसे सर्वजन हिताय बजट बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने केंद्रीय बजट को विकास प्रण और उद्योग व खेती के लिए लाभकारी बताया है। मीडिया प्रभारी पवन अरोरा ने कहा कि सरकार ने सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए ही बजट बनाया है। जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, पूर्व विधायक उमेश मलिक, शरद शर्मा, विजेन्द्रपाल, श्रीमोहन तायल,पिंटू त्यागी, जितेंद्र कुच्छल, राजू अहलावत, सुधीर खटीक, विपुल भटनागर, पंकज माहेश्वरी, रक्षित नामदेव, सुनील तायल, कमल कांत, प्रवीण खेडा, दिनेश, आदेश गौतम, सचिन सैनी, नंद किशोर, प्रियांक, विनय घई, प्रशांत गौतम, नवनीत गुप्ता, दीपक मित्तल, नवनीत, रविकांत प्रधान रोहतास पाल, विजय सैनी, पुरोहित बाल्मीकि, अजय सागर आदि भाजपा कार्यालय पर उपस्थित रहे।

## देश को निराशा की ओर धकेलने वाला बजट : त्यागी



**बुढ़ाना, 01 फरवरी (बु.)।** आज केंद्र सरकार द्वारा संसद में पेश किए गए आम बजट को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व जिला बार संघ मुजफ्फरनगर के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने किसान, मजदूर व मध्यम वर्ग के साथ सीधा अन्याय बताते हुए कहा कि ये बजट देश की वास्तविक जरूरतों व आम जनता की उम्मीदों से पूरी तरह कटा हुआ है। किसानों, मजदूरों व छोटे व्यापारियों के लिए कुछ भी ठोस नहीं है। सरकार ने एक बार फिर किसान की आय, मजदूर की मजदूरी व मध्यम वर्ग की बढ़ती महंगाई की चिंता को नजर अंदाज किया है। बजट में न तो किसानों को उनकी लागत के अनुरुप राहत दी गई है और न ही मजदूर वर्ग के लिए रोजगार व सामाजिक सुरक्षा को लेकर कोई ठोस रोड मैप सामने आया है। मध्यम वर्ग जो लगातार महंगाई व टैक्स के बोझ से जूझ रहा है, उसे भी इस बजट से कोई राहत नहीं मिली। ये बजट केवल आंकड़ों व घोषणाओं तक सीमित है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। देश का आम आदमी बेहतर शिक्षा, सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं, रोजगार व स्थिर भविष्य की उम्मीद लेकर बजट की ओर देख रहा था। मगर सरकार इन अपेक्षाओं पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। ये बजट जनभावनाओं व जन आकांक्षाओं के अनुरुप नहीं है, बल्कि कुछ चुनिंदा वर्गों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। भाजपा की केंद्र सरकार ने आम जनता की आवाज को अनसुना कर देश को निराशा की ओर धकेलने वाला बजट पेश किया है।

# एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्रों ने गूगल द्वारा आयोजित एआई टास्क प्रतियोगिता में ऑल इंडिया टॉप 250 में चयनित होकर बनाया कीर्तिमान



**मुजफ्फरनगर, 01 फरवरी (बुस.)।** जानसठ रोड स्थित एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के लिए यह अत्यंत गर्व और सम्मान का विषय है कि कॉलेज में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में अध्ययनरत छात्रों माधव कात्यायन एवं निखिल तोमर ने संस्थान का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। ऑल इंडिया टॉप 250 में देशभर से प्रतिभाग करने वाले कुल 2915 विद्यार्थियों में से कॉलेज के दो छात्रों माधव कात्यायन एवं निखिल तोमर ने जगह बनाकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पूरे भारत में एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एकमात्र ऐसा कॉलेज है, जिसके दो छात्रों का इस प्रतिष्ठित सूची में चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता गूगल द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर का इवेंट था, जिसमें प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रश्न एवं टास्क दिये गये थे। इन समस्याओं को गूगल के विभिन्न टूल्स की सहायता से निर्धारित समय-सीमा से भी कम समय में हल करना था। अपनी तकनीकी दक्षता, त्वरित निर्णय क्षमता और नवाचारपूर्ण सोच के बल पर दोनों छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये यह रैंक प्राप्त की। इस शानदार उपलब्धि के लिये दोनों छात्रों को गूगल इंटर्नशिप प्रदान की जायेगी और साथ ही रू. 8500 की पुरस्कार राशि भी प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर कॉलेज के सचिव श्री अनुभव कुमार ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि हमारे छात्रों की निरंतर मेहनत, तकनीकी दक्षता और नवाचार की सोच का परिणाम है। यह हमारे संस्थान की गुणवत्ता-आधारित शिक्षा प्रणाली और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को भी दर्शाती है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी निरंतर विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता आ रहा है और करता रहेगा।। निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा गूगल जैसे वैश्विक प्रतिष्ठित प्लेटफॉर्म पर हमारे छात्रों का चयन होना कॉलेज के लिए अत्यंत गौरव की बात है। यह दर्शाता है कि हमारे छात्र न केवल अकादमिक रूप से मजबूत हैं, बल्कि तकनीकी नेतृत्व और नवाचार की क्षमता भी रखते हैं। हम सदैव छात्रों को ऐसे अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे वे वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित कर सकें। कॉलेज के प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ सदस्यों ने भी दोनों छात्रों को इस ऐतिहासिक सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# संत शिरोमणि रविदास की 649वीं जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा



**जानसठ, 01 फरवरी (बु.)।** क्षेत्र में संत शिरोमणि रविदास जयंती बड़े ही हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ मनाते हुए शोभायात्रा निकाली गई। रविदास जयंती शोभायात्रा क्षेत्र के गांव गढ़ी जानसठ, सालारपुर, मेहलकी, भलवा, भलेड़ी, खलवाड़ा आदि गांवों में शान्तिपूर्वक निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था। रविवार को संत शिरोमणि रविदास की 649 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाते हुए शोभायात्रा निकाली गई। रविदास जयंती शोभायात्रा पर मुख्य अतिथियों ने फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा के दौरान डीजे व बैंड-बाजे पर श्रद्धालु नाचते गाते नजर आए। गांव मेहलकी में शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि जानसठ नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रवेंद्र भड़ाना ने फीता काटकर किया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रवेंद्र भड़ाना ने कहा कि रविदास जयंती, महान संत, कवि और समाज सुधारक गुरु रविदास के जन्म (माघ पूर्णिमा) के उपलक्ष्य में मनाई जाती है, जो 15वीं-16वीं शताब्दी में भक्ति आंदोलन के प्रमुख संत थे। यह दिन समानता, प्रेम, मानवता, जाति-भेद को खत्म करने और सामाजिक सद्भाव के उनके संदेशों को याद करने व उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए मनाया जाता है। रविदास का संदेश 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' जैसे संदेशों के माध्यम से समाज में जातिवाद के खिलाफ और समानता की बात की, जिसे उनके अनुयायी आज भी प्रेरणा के रूप में मनाते हैं। इस दौरान गुरजीत सिंह एडवोकेट, बिट्टू सिंह, जयपाल सिंह, टीटू डीलर, विकास कुमार, नवीन कुमार, विवेक भारती, शशि भूषण एडवोकेट, रवि भूषण सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## मोदी सरकार का बजट-2026

### आयकर में बदलाव नहीं, 3 आयुर्वेदिक एम्स; 7 हाईस्पीड रेल कॉरिडोर बनेंगे




**नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसी)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को बजट में आयकर स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। रक्षा बजट पर एक लाख करोड़ रुपए बढ़ाने के अलावा 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनाए जाएंगे। बजट भाषण में कोई सीधा चुनावी ऐलान भी नहीं हुआ। सीतारमण लोकसभा में तमिलनाडु की प्रसिद्ध कांजीवरम साड़ी पहनकर पहुंचीं जरूर, लेकिन इसी साल होने वाले पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी चुनाव पर सीधा असर डालने वाली घोषणाएं नहीं कीं।

### 1 अप्रैल से लागू होगा नया आयकर एक्ट




इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं। रिवाइज्ड रिटर्न फाइल करने के लिए 3 महीने का ज्यादा समय दिया। यानी अब 31 दिसंबर के बदले 31 मार्च तक रिवाइज्ड रिटर्न फाइल कर सकते हैं। न्यू इनकम टैक्स एक्ट 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा। फॉर्म रीडिजाइन किए गए हैं, ताकि आम लोग उसे आसानी से भर सकें। केंद्र सरकार ने पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को बदलकर नया इनकम टैक्स एक्ट 2025 लाया जाएगा। ये 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा। इसमें टैक्स रेट्स या स्लैब में कोई बदलाव नहीं है, इसके जरिए सिर्फ टैक्स रिटर्न फाइल करने करने की प्रोसेस आसान बनाई जाएगी। पुरानी टैक्स रिजीम चुनने पर अभी भी आपकी 2.5 लाख रुपए तक की इनकम ही टैक्स फ्री रहेगी। हालांकि, इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 87अ के तहत आप 5 लाख तक की इनकम पर टैक्स बचा सकते हैं। वहीं न्यू टैक्स रिजीम चुनने पर पहले की तरह ही 4 लाख रुपए तक की इनकम पर टैक्स नहीं देना होगा। इसमें इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 87अ के तहत सैलरीड पर्सन 12.75 लाख रुपए तक की इनकम पर और अन्य 12 लाख तक की इनकम पर टैक्स छूट पा सकते हैं। पिछले बजट में ही न्यू टैक्स रिजीम में टैक्स छूट को 7 लाख बढ़ाकर 12 लाख रुपए कर दिया था। ऐसे में इस साल बदलाव होने की संभावना न के बराबर ही थी।

### रक्षा बजट में एक लाख करोड़ इजाफा



ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहले बजट में वित्त मंत्री ने जियो-पॉलिटिक्स और चुनौतियों की बात कही और देश का रक्षा बजट 6.81 लाख करोड़ से बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़ कर दिया। यानी कुल डिफेंस बजट में 15.2% की बढ़ोतरी हुई है। डिफेंस बजट की खास बात यह है कि हथियार खरीदी और सेना के आधुनिकीकरण पर पिछले साल के 1.80 लाख करोड़ के मुकाबले इस बार 2.19 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे। यह पूंजीगत खर्च में सीधे 22% की बढ़ोतरी है। रक्षा बजट में सबसे ज्यादा ध्यान लड़ाकू विमान और एयरो इंजन पर दिया गया है। इसके लिए 63,733 करोड़ रुपए रखे गए हैं। वहीं, नेवी बेड़े के लिए 25,024 करोड़ रुपए दिए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत-फ्रांस के बीच 114 राफेल जेट की डील होने वाली है। पेंशन के लिए 1.71 लाख करोड़ अलग रखे गए हैं।

### गृह मंत्रालय को दिए दो लाख 55 हजार 233 करोड़




बजट में गृह मंत्रालय को दिए गए दो लाख 55 हजार 233 करोड़ रुपए में सबसे अधिक 1,73,802 करोड़ रुपए पुलिस हेड में दिए गए हैं। जिसमें सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ और आईटीबीपी जैसे तमाम केंद्रीय आर्म्ड पुलिस फोर्स को और मजबूत करने का काम किया जाएगा। इसमें भारत से लगते तमाम देशों की सीमा जिसमें पाकिस्तान, बांग्लादेश, चीन और म्यांमार समेत सभी बॉर्डर पर मजबूत फेंसिंग लगाने, एंटी ड्रोन सिस्टम लगाने और एडवांस टूल से निगरानी करते हुए घुसपैठियों को रोकने का काम किया जाएगा।

### एमएसएमई को बजट में मिली बड़ी सौगातें




बजट में वित्त मंत्री ने एमएसएमई सेक्टर के लिए भी बड़े ऐलान किए। अर्ध पेशेवर एमएसएमई को लाभ भी लाभ मिलेगा। बजट में चैंपियन एमएसएमई के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया गया। साथ ही आत्मनिर्भर भारत निधि में बढ़ोतरी की गई। 2000 करोड़ रुपये के स्टार्टअप का प्रस्ताव रखा गया। इनके अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में 40 हजार करोड़ का प्रस्ताव रखा गया।

### हर जनपद में एक गर्ल्स हॉस्टल बनेगा



देश में 789 जिले हैं। हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल बनाने का ऐलान किया गया है। गर्ल स्टूडेंट्स के लिए STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा को विशेष प्राथमिकता देने की बात कही गई है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार ने आम लोगों तक सुविधाएं पहुंचाने पर खास ध्यान दिया है। इसी वजह से देश की आर्थिक वृद्धि दर 7 प्रतिशत तक पहुंच पाई है। निर्मला सीतारमण ने कहा हमारी सरकार राज्यों को 5 विश्वविद्यालय खोलने में मदद करेगी। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में स्टैम इंस्टीट्यूट बनाए जाएंगे। हर जिले में एक गर्ल्स हॉस्टल बनाया जाएगा। एस्ट्रो फिजिक्स, एस्ट्रोनॉमी को आगे बढ़ाने के लिए टेलीकॉफ इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण होगा। सरकार आयुर्वेद और योग को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े कदम उठाने जा रही है। इसका मकसद देश के युवाओं को रोजगार देना और भारत की पारंपरिक चिकित्सा को दुनिया तक पहुंचाना है।

### लखपति दीदी मॉडल पर रोजगार और आय बढ़ाने की स्कीम




लखपति दीदी की तर्ज पर महिला स्वयं सहायता समूह की उद्यमी महिलाओं के लिए शी-मार्ट (शी-मार्ट) बनाए जाएंगे। इन दुकानों को महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों के समुदाय ही चलाएंगे। यहां महिलाओं के बनाए खाद्य पदार्थ, हस्तशिल्प, कपड़े और स्थानीय उत्पाद सीधे बेचे जाएंगे। इससे बिचौलियों की भूमिका कम होगी और महिलाओं को अपने कारोबार पर मालिकाना हक मिलेगा।

### देश में सात नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनेंगे



शहरों के बीच 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनाए जाएंगे। ये मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-चेन्नई, हैदराबाद-बेंगलुरु, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी के बीच बनेंगे। अगले 5 साल में 20 नए राष्ट्रीय जलमार्ग बनेंगे। बनारस और पटना में जहाज मरम्मत सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

### बजट की सबसे बड़ी घोषणाएं एक नजर में

- इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव नहीं। रिवाइज्ड रिटर्न फाइल करने के लिए 3 महीने का ज्यादा समय दिया। यानी अब 31 दिसंबर के बदले 31 मार्च तक रिवाइज्ड रिटर्न फाइल कर सकते हैं।
- कैंसर की 17 दवाओं पर से आयात शुल्क हटाया। अभी 5% शुल्क लगता था। हीमोफीलिया, सिकल सेल और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी जैसी 7 दुर्लभ बीमारियों की दवाइयां भी ड्यूटी फ्री।
- डिफेंस बजट ?6.81 लाख करोड़ से बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़, यानी 15.2% की बढ़ोतरी। हथियार खरीदी और आधुनिकीकरण पर पिछले साल के 1.80 लाख करोड़ के मुकाबले इस साल ?2.19 लाख करोड़ खर्च होंगे, यानी 22% की बढ़ोतरी।
- 7 हाईस्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा। इनमें मुंबई -पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलिगुड़ी।
- 3 आयुर्वेदिक एम्स खोले जाने की घोषणा। मेडिकल टूरिज्म को बढ़ाने के लिए 5 मेडिकल हब भी बनेंगे।
- 5 लाख से ज्यादा आबादी वाले टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास के लिए 12.2 लाख करोड़ खर्च करने का ऐलान।
- 15 हजार सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब्स बनाई जाएंगी।
- करीब 800 जिलों में लड़कियों के लिए हॉस्टल बनेंगे। हर जिले में एक हॉस्टल बनाया जाएगा।

# बिजलीघर में कर्मचारी ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

## फर्जी प्रमाण-पत्र के राज और ब्लैक मेलिंग के जाल में फंसी जिन्दगी



**मुजफ्फरनगर, 01 फरवरी (बु.)।** तितावी थाना क्षेत्र स्थित मुकुंदपुर बिजली घर में शनिवार देर रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। यहाँ तैनात एक विद्युत कर्मचारी टीजी-2 शुभम ने ड्यूटी के दौरान खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें मृतक ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी पाने की बात कबूल की है और एक व्यक्ति द्वारा ब्लैकमेल किए जाने को अपनी मौत का कारण बताया है। जानकारी के अनुसार, नई मंडी थाना क्षेत्र के नसीरपुर निवासी शुभम पुत्र अनिल कुमार वर्ष 2019 में विद्युत विभाग में टीजी-2 के पद पर भर्ती हुआ था। शनिवार रात वह मुकुंदपुर बिजलीघर पर अपनी ड्यूटी पर तैनात था। देर रात लगभग 1 बजे पुलिस को सूचना मिली कि बिजलीघर के अंदर शुभम का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही सीओ फुगाना यतेंद्र नागर और थाना तितावी पुलिस मौके पर पहुंची। बिजलीघर का दरवाजा अंदर से बंद था, जिसे पुलिस ने वीडियोग्राफी कराते हुए खुलवाया। मृतक के पास से एक अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद हुए हैं।

**सुसाइड नोट में चौंकाने वाला खुलासा- मुजफ्फरनगर।** शुभम ने आत्महत्या से पहले अपने उच्चाधिकारियों को सोशल मीडिया के माध्यम से एक सुसाइड नोट भेजा था। इस नोट में उसने अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा राज खोलते हुए स्वीकार किया कि वह मूल रूप से 'हिंदू नाई' जाति से है, लेकिन उसने 'अनुसूचित जाति' का फर्जी प्रमाण-पत्र बनवाकर यह सरकारी नौकरी हासिल की थी।

### ब्लैकमेलिंग से टूट गया था हौसला

**मुजफ्फरनगर।** सुसाइड नोट के मुताबिक, बुढ़ाना निवासी एक व्यक्ति 'गणपत' को इस फर्जीवाड़े की भनक लग गई थी। आरोप है कि गणपत और उसके साथियों ने शुभम को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और भारी रकम की मांग की। पैसे देने से मना करने पर 31 जनवरी को मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय में शुभम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। शुभम ने लिखा कि वह इस मानसिक प्रताड़ना को अब और नहीं सह सकता। उसने अपनी गलती के लिए माफी मांगते हुए यह भी लिखा कि "मेरी गलती की सजा मेरे परिवार को न दी जाए, उन्हें इस बारे में कुछ नहीं पता था।"



**"सीओ फुगाना यतेंद्र नागर ने बताया कि जेई बघरा की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची थी। फील्ड यूनिट ने साक्ष्य जुटा लिए हैं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अब सुसाइड नोट में नामजद व्यक्तियों और ब्लैकमेलिंग के पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।"**

# मुजफ्फरनगर समेत 45 शहरों के विकास का खुलेगा रास्ता

## 900 करोड़ मिलेगा, छोटे शहरों को मिलेंगी शहरी सुविधाएं

**लखनऊ, 1 फरवरी (एजेंसी)।** केंद्रीय बजट में किए गए प्रावधानों से उत्तर प्रदेश के छोटे और मझोले शहरों के विकास को नई गति मिलने जा रही है। बजट में टियर-2 और टियर-3 श्रेणी के शहरों के लिए आवंटन में 5,000 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है। इसके तहत यूपी के करीब 45 शहरों के विकास का रास्ता खुलेगा और राज्य को लगभग 900 करोड़ रुपये मिलने की संभावना है। इस बढ़ोतरी से स्पष्ट है कि सरकार का फोकस अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उभरते शहरी क्षेत्रों को भी समान रूप से मजबूत किया जाएगा। नगर विकास विभाग के अनुसार, यह राशि पांच वर्षों में चरणबद्ध तरीके से खर्च की जाएगी। इस फंड से टियर-2 और टियर-3 शहरों में सड़क और ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी सुधार, बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने, शहरी सेवाओं के विस्तार और उद्योग एवं सेवा क्षेत्र से जुड़े रोजगार अवसर बढ़ाने पर काम किया जाएगा। उत्तर प्रदेश देश का सर्वाधिक आबादी वाला राज्य है। यहां टियर-2 श्रेणी के 15 और टियर-3 श्रेणी के 30 से अधिक शहर हैं। टियर-2 शहरों की आबादी पांच लाख से अधिक जबकि टियर-3 शहरों की आबादी एक से तीन लाख के बीच है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन शहरों के सशक्त होने से महानगरों की ओर पलायन घटेगा और संतुलित शहरीकरण को बढ़ावा मिलेगा। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने में भी मददगार साबित होगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि स्मार्ट सिटी योजना के तहत कई शहरों में काम हो चुका है, लेकिन अब भी छोटे शहरों में नागरिक सुविधाओं को व्यापक स्तर पर मजबूत करने की आवश्यकता है। यह बजट उसी दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

- टियर-2 शहरः लखनऊ, कानपुर, आगरा, वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, गोरखपुर, बरेली, अलीगढ़, मुरादाबाद, सहारनपुर, झांसी, मथुरा
- टियर-3 शहरः प्रदेश में टियर-3 श्रेणी के लगभग 30 शहर चिन्हित हैं। इनमें पूर्वी यूपी के 8, पश्चिमी यूपी के 6, मध्य यूपी के 6, बुंदेलखंड के 5 और अन्य 5 शहर शामिल हैं।

**इन योजनाओं पर होगा काम**

- सड़क और ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी में सुधार
- बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना
- शहरी सुविधाओं का विस्तार
- उद्योग और सेवा क्षेत्र से रोजगार के नए अवसर

### बजट वाले दिन सोना-चांदी भी औंधे मुंह गिरे

**नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसी)।** गोल्ड और सिल्वर मार्केट में लगातार दूसरे दिन गिरावट है। आज यानी 1 फरवरी को वायदा बाजार में चांदी करीब 25 हजार रुपए (9%) गिर गई। 1 किलो चांदी का भाव 2.65 लाख रुपए पर आ गया। सोने में भी करीब 12 हजार रुपए (8%) की गिरावट है। 10 ग्राम सोना 1.38 लाख रुपए पर आ गया है। सर्राफा बाजार आज बंद है। इससे पहले 30 जनवरी को चांदी 40,638 रुपए और सोना 9,545 रुपए सस्ता हुआ था। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी 3,39,350 रुपए किलो पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,65,795 रुपए पर आ गया है। वायदा बाजार यानी मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के दाम में दो दिन में 31 हजार रुपए की गिरावट हुई है। 29 जनवरी को ये 1.69 लाख रुपए पर पहुंच गया था, जो आज 1.38 लाख रुपए पर ट्रेड कर रहा है। चांदी की कीमत में 1.36 लाख रुपए की गिरावट हुई है। 29 जनवरी को ये 4.01 लाख रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी, जो आज 2.65 लाख रुपए पर ट्रेड कर रही है।

**चांदी दो दिन में 1.36 लाख सस्ती होकर 2.65 लाख आईः सोना 31 हजार गिरा**

# गैस सिलेंडर फटा, घर में लगी आग, दूधली गांव में लाखों का घरेलू सामान जलकर राख



**चरथावल, 01 फरवरी (बु.)।** थाना क्षेत्र के दूधली गांव में रात को एक घर में गैस सिलेंडर फट गया। इस घटना से घर में भीषण आग लग गई और लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। गांव निवासी रमन पुत्र महेंद्र के मकान में खाना बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। देखते ही देखते सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया, जिससे पूरे घर में आग फैल गई। धमाके की आवाज से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि घर में रखा सारा सामान उसकी चपेट में आ गया। हादसे में अनाज, कपड़े, बर्तन, फर्नीचर सहित दैनिक उपयोग का घरेलू सामान नष्ट हो गया। इसके अलावा खेती से संबंधित खाद, बीज और अन्य कृषि उपकरण भी जल गए। परिवार के सदस्यों ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते घर से बाहर भागकर अपनी जान बचाई, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने की सूचना मिलते ही मोहल्लेवासी मौके पर जमा हो गए और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक घर में रखा सामान पूरी तरह जल चुका था। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इस हादसे में परिवार को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी स्थानीय प्रशासन और पुलिस को दे दी गई है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को सहायता दिलाने की मांग की है। वहीं एक अन्य घटना में थाना क्षेत्र के ग्राम लुहारी खुर्द में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब रात के समय भारी बारिश और ओलावृष्टि के कारण मुकेश पुत्र इंद्रजीत का मकान भर-भराकर गिर गया। मकान गिरने से मुकेश और उसके परिवार ने भाग कर अपनी जान बचायी। मगर कच्ची छत और दीवारें गिरने से मकान के अंदर रखा हजारों का सामान मिट्टी में मिल गया। अब मुकेश और उसका परिवार खुले में रहने को मजबूर हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# सड़क हादसे में खतौली के समाजसेवी और पड़ोसी महिला की दर्दनाक मौत, व्यापारी की पत्नी मेरठ रैफर



**खतौली, 1 फरवरी (बु.)।** नगर से पैदल नंगली साहिब तीर्थस्थल पर मत्था टेकने जा रहे समाजसेवी, विहिप व संघ के प्रति समर्पित व्यापारी सहित एक महिला की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गयी वहीं दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी।

मिली जानकारी के अनुसार नगर की शिवपुरी कॉलोनी निवासी विहिप संकीर्तन साधना परिवार सहित संघ के प्रति समर्पित युवा व्यापारी हरिओम टण्डन रविवार की सुबह अपनी पत्नी सरिता सहित अपनी पड़ोसी महिला सरला देवी पत्नी राजेन्द्र के साथ खतौली से पैदल थाना सकौती क्षेत्र स्थित नंगली साहिब तीर्थस्थल पर मत्था टेकने जा रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही तीनों श्रद्धालु एनएच-58 बाईपास स्थित दादरी के निकट पहुंचे तभी मेरठ की ओर से तेज गति से आ रही बस की चपेट में आकर तीनों तीर्थयात्री बुरी तरह कुचल गए जबकि घटना के बाद चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। दर्दनाक हादसे में घायल श्रद्धालुओं की चीख पुकार सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी तथा राहगीरों की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस द्वारा राहगीरों की मदद से तीनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया जहां उपचार के दौरान समाजसेवी व्यापारी हरिओम टण्डन व पड़ोसी महिला सरला को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि व्यापारी की पत्नी सरिता गंभीर हालत में मेरठ रैफर कर दी गयी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही श्रद्धालुओं के परिजनों में कोहराम मच गया तथा परिजन आनन-फानन में तत्काल अस्पताल पहुंचे। परिजनों की मौजूदगी में पुलिस द्वारा दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद सायंकाल व्यापारी हरिओम टण्डन व महिला सरला का शव उनके निवास स्थान खतौली की शिवपुरी कॉलोनी पहुंचा, जहां शोकाकुल लोगों की भीड़ जुट गयी। इस दौरान शव यात्रा में समाजसेवी व्यापारी सुधीर गोयल, भाजपा नेता मदन छाबड़ा, व्यापार मण्डल के नेता रवि ग्रोवर, पंकज भटनागर, संजीव शर्मा, गौरी शंकर गौरी, संजय भुर्जी, विकास कौशिक, चन्द्रपाल राजपूत, संजीव मिश्रा, प्रदीप शर्मा, प्रशान्त, अशोक शर्मा आदि सहित विहिप, आरएसएस व नगर के व्यापारी मौजूद रहे।

# मुजफ्फरनगर में दिखा बर्फबारी का अजब नजारा

## ओलों ने बिछाई सड़क आंगन में सफेद चादर, थोड़ी देर में ही 6.2 मिमी बारिश

**मुजफ्फरनगर, 1 फरवरी (बु.)।** आधी रात के बाद अचानक बादलों की गर्जना से शहर दहल उठा। इसके साथ तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि ने शहर के साथ जिले के तमाम इलाकों को भिगो दिया। शहर के साथ जिले के तमाम स्थानों पर जमकर ओला पड़ा। इसके चलते तमाम जगह मोटे-मोटे ओलों की सफेद चादर बिछी नजर आई। इसके चलते तापमान में भी बदलाव हुआ। हालांकि आकाश पर बादलों की मौजूदगी के बावजूद आज दिन खुला रहने से लोगों ने थोड़ा राहत की सांस ली। नगर में तापमान अधिकतम 21.0 और न्यूनतम 6.4 डिग्री दर्ज किया गया। रात में 6.2 मिमी बारिश भी रिकॉर्ड की गई। आधी रात से घोर गरज के साथ आए बादलों के साथ तेज हवाएं व झमाझम बारिश और ओलावृष्टि का सिलसिला शुरू हो गया। जिले में तमाम स्थानों पर जमकर ओला पड़ा। शहर के अलावा बुढ़ाना के अटेरना व शाहपुर इलाकों में भी भीषण ओलावृष्टि से रात में ओलों की सफेद चादर बिजली की कौंध में बिछी नजर आई। बारिश जहां फसलों के लिए वरदान है, वहीं कई स्थानों पर ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान हुआ है। इससे ठंड में एक बार फिर बढ़ोतरी दर्ज की गई। ठंडी हवा के साथ लोगों को फिर से सर्दी का अहसास हुआ। दिन में भी बादल छाए रहे। बारिश और ओलावृष्टि के बाद हालांकि सुबह के समय बादल छाए थे। कोहरे से थोड़ी राहत मिली है। दिन में धूप निकली तो लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम विभाग ने कहा था कि दिल्ली-एनसीआर में 1 से 7 फरवरी के बीच 3 पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे जिससे हिमालयी राज्यों में बर्फबारी और उत्तर-पश्चिम के इलाकों में बारिश की संभावना है। पहले दो विक्षोभ 31 जनवरी से 3 फरवरी तक असर दिखाएंगे, जबकि तीसरा 5 फरवरी से सक्रिय होगा। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमानों के अनुसार, यह मौसमी हलचल अभी जारी रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए पश्चिमी यूपी के 27 जिलों में गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि और 16 जिलों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे रफ्तार वाली झोंकेदार हवाएं चलने की चेतावनी जारी किया है। राजधानी लखनऊ में भी दो दिन छिटपुट बूंदाबांदी की संभावना है। मौसम में इस बदलाव के 4 फरवरी तक बने रहने के संकेत है। तराई इलाकों में बारिश के साथ कोहरे का भी प्रकोप रहेगा।



बुढ़ाना के अटेरना में हुई बर्फबारी का दृश्य

### शामली में चाकू से गोदकर व गोली मारकर छात्र की हत्या

**शामली, 1 फरवरी (बु.)।** कांधला थानाक्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील में रविवार दोपहर तीन बजे छात्र अरशद (18) की चाकू से गोदकर व गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर मौके से भाग गए। पुलिस को मौके पर तमंचा पड़ा मिला है, जिसे कब्जे में ले लिया। छात्र की हत्या से परिजनों में गम का माहौल है। गांव इस्सोपुरटील निवासी इंटर का छात्र अरशद पुत्र सलीम किसी काम से जा रहा था। गांव से बाहर की तरफ से अज्ञात हमलावरों ने उसे घेर लिया। हमलावरों ने चाकू से गोदकर व गोली मारकर गंभीर घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गए। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस छात्र को सरकारी अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**शेष समाचार : लापता युवक की ...**

112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि गांधी कॉलोनी सरवट रोड स्थित नाले में एक शव पड़ा है। शिनाख्त होने के बाद परिजनों से संपर्क किया गया है। तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। जल्द ही घटना का अनावरण कर आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।"

## बजट पर प्रतिक्रिया

# बजट में महिला शक्ति की झलक- मोदी



**नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसी)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की तरफ से बजट पेश किए जाने के बाद पीएम मोदी ने इसकी सराहना की है। उन्होंने कहा, 'आज का बजट ऐतिहासिक है। यह देश की महिला शक्ति के सशक्त सशक्तिकरण को दर्शाता है। महिला वित्त मंत्री के रूप में निर्मला जी ने लगातार नौवीं बार देश का बजट पेश करके एक नया रिकॉर्ड बनाया है। यह बजट अपार अवसरों का द्वार है। यह आज की आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदलता है और भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव को मजबूत करता है।'

### आशा और आकांक्षाओं का प्रतीक ये बजट - सीएम योगी



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय बजट 2026 कहा, 'आशा और आकांक्षाओं का प्रतीक ये बजट है जिसमें नए भारत और विकसित भारत की संकल्पना की दृष्टि स्पष्ट दिखाई देती है...आयुष और स्वास्थ्य क्षेत्र पर जोर देना, महिलाओं के लिए हर जनपद में छात्रावास के निर्माण की व्यवस्था, नौजवानों के लिए हर क्षेत्र में अवसर के साथ-साथ अलग-अलग क्षेत्र में रिफॉर्म का बजट पेश किया गया है। भारत की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए ये बजट मददगार साबित होगा।'

### बजट से बढ़ेगी महंगाई, बेरोजगारी भी बढ़ेगी- अरविंद केजरीवाल



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय बजट 2026-27 पर तीखा हमला बोला है। गोवा के कावलेम गांव में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह बजट देश में महंगाई बढ़ाएगा और बेरोजगारी की समस्या को और गंभीर करेगा। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि बजट में न तो महंगाई को नियंत्रित करने के उपाय हैं और न ही रोजगार सृजन को लेकर कोई ठोस योजना दिखाई देती है।

### यह एक 'हम्प्टी-डम्प्टी बजट' है- ममता बनर्जी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कहना है, 'यह एक 'हम्प्टी-डम्प्टी बजट' है, सिर्फ शब्दों का छल है, यह महिला-विरोधी, किसान-विरोधी और शिक्षा-विरोधी है। केंद्र देश की आर्थिक संरचना को नष्ट करना चाहता है।'

### कांग्रेस का सरकार पर तंज, बजट बताया फीका



प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने इसे पूरी तरह से फीका बजट करार दिया। कांग्रेस महा सचिव जयराम रमेश ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि 'हालांकि दस्तावेजों का विस्तार से अध्ययन किया जाना अभी बाकी है, लेकिन 90 मिनट बाद ही यह स्पष्ट हो गया है कि बजट 2026/27 के बारे में जो भारी माहौल बनाया गया था, उसके मुकाबले यह कहीं कमतर रहा है। यह पूरी तरह फीका साबित हुआ।"

### राहुल गांधी ने नहीं दिया जवाब



केंद्रीय बजट 2026-27 पर अपनी टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि कल कहेंगे। उन्होंने कहा कि मैं कल संसद द्वारा दिए गए मंच का इस्तेमाल करके बोलूंगा।

### शशि थरूर ने उठाए सवाल



केंद्रीय बजट पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि बहुत कम जानकारी मिली। 3-4 मुख्य बिंदु थे, लेकिन हम अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का इंतजार कर रहे थे। यह कहां है? हम इसे केरल में चाहते थे। आयुर्वेद की हमारी एक लंबी परंपरा रही है। लेकिन हमने केरल का नाम नहीं सुना। हमने मछुआरों और नारियल के नाम सुने यह केरल हो सकता था, लेकिन जब उन्होंने जहाज मरम्मत की बात की, तो उन्होंने वाराणसी और पटना का नाम लिया, केरल का नहीं। यह थोड़ा आश्चर्यजनक है। लेकिन शायद बजट दस्तावेज में और अधिक जानकारी हो। मैंने अभी तक इसे पढ़ा नहीं है। हालांकि भाषण में बहुत कम जानकारी दी गई थी।

### अखिलेश ने बताया 5 फीसदी आबादी वाला बजट



समाजवादी पार्टी प्रमुख और सांसद अखिलेश यादव ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दी। संसद के बाहर मीडिया से बात करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि यह बजट गरीबों और गांवों में रहने वालों की समझ से परे है। इस बजट में न तो नौकरी दी गई है और न ही रोजगार के अवसर। उन्होंने कहा कि ये बजट गरीब का पेट नहीं भर सकती है। नौकरी रोजगार दिए नहीं। सपने दिखाने वाला बजट है।

### संत रविदास जयंती पर निकली शोभायात्रा के दौरान खूनी संघर्ष, फायरिंग और पथराव में एक की मौत, कई घायल

**रुड़की, 1 फरवरी (एजेंसी)। रुड़की में संत रविदास जयंती पर निकली शोभायात्रा के दौरान रविवार को खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान फायरिंग और पथराव में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, कई लोग घायल हुए हैं।तनाव को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। जानकारी के अनुसार, भगवानपुर थाना क्षेत्र के बीनारसी गांव में शोभायात्रा के दौरान दो पक्षों के बीच किसी बात पर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि खूनी संघर्ष में बदल गया। अचानक दोनों पक्षों में फायरिंग शुरू हो गई और पथराव भी हुआ। इस दौरान आनंद(28)निवासी ग्राम बिनारसी की मौत हो गई। वहीं, विशाल(25) और योगेंद्र(27) को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव में तनाव को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। उधर, ग्रामीण शव को नहीं उठाने दे रहे हैं। पीएम मोदी ने केंद्रीय बजट 2026 पर कहा, 'भारत के 140 करोड़ नागरिक केवल सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने से संतुष्ट नहीं हैं; हम जल्द से जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं।'**

### सीसीटीवी में कैद 'रहस्यमयी युवती' की तलाश, क्या उसी के पास है कत्ल का राज?

**मुजफ्फरनगर।** मंडी थाना क्षेत्र में हुए सनसनीखेज हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस अब उस 'मिस्ट्री वुमन' के बेहद करीब पहुंच गई है, जो आखिरी बार मृतक जीवन के साथ देखी गई थी। सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए मंजर ने पुलिस की जांच की दिशा बदल दी है और अब इस मामले में प्रेम-प्रसंग या किसी सोची-समझी साजिश की बू आ रही है।

#### सीसीटीवी कैमरे की फुटेज ने खोल दिए राज

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस को मिले सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि आरोपी युवती, मृतक जीवन का हाथ पकड़कर उसे गली के अंदर खींचकर ले जा रही है। फुटेज में जीवन उसके साथ बिना किसी विरोध के जाता हुआ दिखाई दे रहा है, जिससे यह साफ है कि दोनों के बीच पहले से जान-पहचान थी।

#### महिला के लापता होने से गहराया शक

**मुजफ्फरनगर।** घटना के तुरंत बाद से ही उक्त महिला अपने ठिकाने से अचानक लापता है। पुलिस इसे महज इत्तेफाक नहीं मान रही है। अधिकारियों का मानना है कि हत्या के पीछे की असली वजह यह महिला ही है। पुलिस की थ्योरी के मुताबिक महिला ने 'हनीट्रैप' या किसी बहाने से जीवन को वहां बुलाया?।

# 85 मिनट तक चली बजट स्पीच में कोई कविता नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज अपने कार्यकाल का नौवां बजट पेश किया, जो करीब 1 घंटा 25 मिनट तक चला। उन्होंने गुरु रविदास को श्रद्धांजलि देते हुए भाषण की शुरूआत की लेकिन इस बार किसी कविता का प्रयोग नहीं किया। पिछली बार बजट में जहां बिहार का कई बार जिक्र हुआ वहीं इस बार बजट स्पीच में चुनावी राज्यों का कोई प्रत्यक्ष जिक्र नहीं किया गया। उनकी बजट स्पीच करीब 85 मिनट की थी। वित्त मंत्री ने भाषण की शुरूआत गुरू रविदास को श्रद्धांजलि देते हुए और माघ पूर्णिमा का जिक्र करते हुए की। इस बार वित्त मंत्री की स्पीच में कोई कविता शामिल नहीं थी।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का इंडियन लुक



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार सुबह 11 बजने से कुछ मिनट पहले लोकसभा पहुंचीं। उन्होंने अपने गृह राज्य तमिलनाडु की मशहूर कांजीवरम की साड़ी पहनी थी। मजेंटा रंग की साड़ी में सुनहरे चेक बने हुए थे। साथ ही दाहिनी कंधे पर शॉल लिया हुआ था। वित्त मंत्री के हाउस में आने के बाद और सदन की कार्यवाही शुरू होने से कुछ मिनट पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में पहुंचे। पीएम के आते ही सत्ता पक्ष के सांसदों ने भारत माता की जय और हर हर महादेव के नारे लगाए तो विपक्ष की तरफ से जय संविधान के नारे लगे। कुछ सांसद एपस्टीन, एपस्टीन कहते सुनाई दिए। सदन में सत्ता पक्ष की तरफ से सांसदों की अच्छी खासी संख्या थी लेकिन विपक्षी बेंच पर काफी सीटें खाली थी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी वित्त मंत्री की स्पीच शुरू होने के कुछ देर बाद सदन में पहुंचे। पूरी बजट स्पीच में विपक्ष की तरफ से इस बार कोई खास विरोध नहीं हुआ। बस बीच में एक बार केरल के सांसदों ने आपत्ति जताई और बजट स्पीच समाप्त होने के बाद केरल को एम्स न देने को लेकर सवाल उठाया। सत्ता पक्ष के सांसद स्पीच में हर कुछ मिनट बाद मेजें थपथपाकर बजट में किए जा रहे ऐलान का स्वागत कर रहे थे, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कई बार मेज थपथपाते देखे गए।

## सरकार की कमाई, कर्ज और घाटे का पूरा हिसाब

### कुल कर्ज को जीडीपी के 50% तक लाने का टारगेट

**नई दिल्ली।** सरकार ने लक्ष्य रखा है कि 2030-31 तक देश का कुल कर्ज, जीडीपी के 50% (±1) के बराबर लाया जाए। 2025-26 में यह कर्ज 56.1% था, जो अब 2026-27 में घटकर 55.6% रहने का अनुमान है। यह कर्ज कम होगा तो सरकार को ब्याज कम देना पड़ेगा, जिससे वो पैसा स्कूल, अस्पताल और सड़कों पर खर्च हो सकेगा।

### राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.5% से नीचे आया

राजकोषीय घाटा मतलब सरकार की कमाई और खर्च के बीच का अंतर। सरकार ने कहा है कि वह घाटे को जीडीपी के 4.5% से नीचे ले आई है। 2025-26 में यह घाटा 4.4% रहा, और अगले साल (2026-27) के लिए इसे और घटाकर 4.3% करने का लक्ष्य है।

### पिछले साल कमाई 34 लाख करोड़, खर्च 49.6 लाख करोड़

सरकार की कुल कमाई 34 लाख करोड़ रही। इसमें से 26.7 लाख करोड़ टैक्स से आए। वहीं कुल खर्च 49.6 लाख करोड़ रहा। पूंजीगत खर्च यानी लगभग ?11 लाख करोड़ नए ब्रिज, हाईवे और इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में खर्च हुआ।

### अगले साल कुल कमाई 36.5 लाख करोड़ रहने का अनुमान

सरकार ने 36.5 लाख करोड़ कुल कमाई का अनुमान है। जिसमें टैक्स से 28.7 लाख करोड़ आएंगे। वहीं लगभग 53.5 लाख करोड़ कुल खर्च रहने का अनुमान है। खर्च कमाई से ज्यादा है, इसलिए सरकार बाजार से 11.7 लाख करोड़ का उधार लेगी। बाकी पैसा छोटी बचत योजनाओं से आएगा।

### जनवरी में जीएसटी कलेक्शन 1.93 लाख करोड़ हुआ

**नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसी)।** जनवरी 2026 में जीएसटी कलेक्शन 1.93 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की तुलना में 6.2% अधिक है। यह दिसंबर के 1.75 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा है। कुल ह्यरिफंडह्न में 3.1 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 22,665 करोड़ रुपये रहा। जनवरी में शुद्ध माल एवं सेवा कर राजस्व में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह करीब 1.71 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। तंबाकू उत्पादों से उपकर संग्रह जनवरी में 5,768 करोड़ रुपये रहा। जनवरी, 2025 में यह 13,009 करोड़ रुपये रहा था, जब कार तथा तंबाकू उत्पादों जैसे विलासिता, हानिकारक एवं अहितकर वस्तुओं पर उपकर लगाया जाता था। सरकार ने 22 सितंबर, 2025 से करीब 375 वस्तुओं पर जीएसटी की दरें कम कर दी थीं जिससे सामान सस्ता हो गया। साथ ही, पहले की तरह विलासिता, हानिकारक एवं अहितकर वस्तुओं पर लगने वाले उपकर के बजाय अब केवल तंबाकू तथा संबंधित उत्पादों पर ही क्षतिपूर्ति उपकर लगाया जाता है।